वर्ष : 16 अंक: 338 ग्वालियर ● मंगलवार 06 फरवरी 2024 ● पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
चम्बल सुरभी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 36 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 18 डिग्री
न्यूनतम 10 डिग्री

मोदी बोले- परिवारवाद का खामियाजा कांग्रेस ने भुगता

एक प्रोडक्ट लॉन्च करने के चक्कर में दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई

नई दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद देने पहुंचे। 100 मिनट की स्पीच में PM ने कांग्रेस, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, रोजगार, महंगाई, राम मंदिर, पर्यटन, महिला, किसान, युवा, विपक्षी गठबंधन और 10 साल के क्रबनाम NDA सरकार के काम-काज पर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान सबसे ज्यादा 85 बार देश, 43 बार कांग्रेस, 31 बार भारत, 19 बार विपक्ष, 14 बार महंगाई, 9 बार परिवारवाद, 8 बार किसान-युवा, 7 बार भ्रष्टाचार, 7 बार नेहरू, 5 बार बेटियों और 2 बार इंदिरा गांधी का नाम लिया।

PM ने कहा- एक ही प्रोडक्ट को कई बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई है। देश के साथ-साथ कांग्रेस ने भी परिवारवाद का खामियाजा भुगत रही है। ये विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया है। जनता के आशीर्वाद से ये अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे।

मोदी ने 2024 लोकसभा चुनाव के रिजल्ट पर कहा- देश का माहौल बता रहा है कि अबकी बार 400 पार। अकेले भाजपा 370 सीटें जीतेगी। ये बात देश ही नहीं खड़गे जी भी बोल रहे हैं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पीएम ने कहा- राष्ट्रपति का भाषण तथ्यों और हकीकत के आधार पर एक बहुत बड़ा दस्तावेज है। जो देश के सामने राष्ट्रपति जी लाती हैं। इस पूरे दस्तावेज को आप देखेंगे तो उस हकीकत को समेटने का प्रयास किया है, जिससे देश स्पीड से प्रगति कर रहा है। किस तेजी के साथ गतिविधियों का विस्तार हो रहा है, उसका लेखा जोखा राष्ट्रपति जी ने दिया।

राष्ट्रपति ने चार मजबूत स्तंभों का उल्लेख किया है। नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, मछुआरे और

पशुपालक। इनके सशक्तीकरण से देश विकसित भारत बनेगा। बीच में अधीर रंजन चौधरी ने कहा- माइनॉरिटी कहां है? मोदी बोले- आपके यहां नारी, युवा, गरीब, किसान और मछुआरे शायद माइनॉरिटी नहीं होती क्या? कब तक देश को टुकड़ों में देखोगे।

विपक्ष और कांग्रेस के परिवारवाद पर पीएम बोले- आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का अवसर मिला। 10 साल में कई मौके मिले होंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा किया नहीं। न खुद ऐसा किया, न दूसरे उत्साही युवा सांसदों को ऐसा करने दिया। यंग जनरेशन को इसलिए मौका नहीं दिया कि किसी और का चेहरा न दब जाए।

देश को एक अच्छे और स्वस्थ्य विपक्ष की बहुत जरूरत है। देश ने जितना परिवारवाद का खामियाजा उठाया है, उतना ही खामियाजा कांग्रेस ने भी उठाया है। हालत देखिए खड़गे जी इस सदन से उस सदन में शिफ्ट हो गए। गुलाम नबी जी पार्टी से ही शिफ्ट कर गए। ये सब एक ही प्रोडक्ट को लॉन्च करने के चक्कर में दुकान को ताला लगने की नौबत आ गई।

भाजपा नेताओं के पारिवारिक राजनीति पर प्रधानमंत्री ने कहा- अगर किसी परिवार ने अपने बलबूते पर तरक्की की है, तो हम उसका विरोध नहीं करते। हम उस परिवारवाद का विरोध करते हैं, जो परिवार पार्टी चलाता है। पार्टी के सारे फैसले परिवार लेता है। अमित शाह के परिवार की पार्टी नहीं है। राजनाथ सिंह के परिवार की भी कोई पार्टी नहीं है। देश के लोकतंत्र के लिए परिवारवाद की राजनीति चिंता का विषय है।

किसी परिवार के दो लोग तरक्की करें तो स्वागत है, 10 लोग तरक्की करें तो स्वागत है। लेकिन परिवार ही पार्टी चलाए। उसका बेटा ही अध्यक्ष बने, इसका विरोध होना चाहिए। कांग्रेस एक परिवार में उलझ गई। देश के करोड़ों परिवार की आकांक्षाएं और उपलब्धियां वे देख नहीं सकती।

PA और अपनी सरकार के कामकाज पर पीएम ने कहा- हमारे काम की स्पीड और हमारा हौसला आज दुनिया देख रही है। उत्तर प्रदेश में एक कहावत है- नौ दिन चले अढाई कोस। ये कहावत कांग्रेस को परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं।

हमने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए। शहरी गरीबों के लिए 80 लाख पक्के मकान बने। कांग्रेस की रफ्तार से ये घर बने होते तो 100 साल लगते इतना काम करने में। 5 पीढ़ियां गुजर जातीं। 10 साल में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का इलेक्ट्रीकरण हुआ। कांग्रेस को 80 साल लगते, 4 पीढ़िया गुजर जातीं। 4 करोड़ गैस कनेक्शन दिए। कांग्रेस को 60 साल लगते, 3 पीढ़ियां गुजर जातीं।

उद्धव ठाकरे बोले: मोदीजी हम कभी आपके दुश्मन नहीं थे कहा- शिवसेना आज भी आपके साथ, आपने हमें खुद से दूर किया

मुंबई। एजेंसी

2024 लोकसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे ने ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया है। उद्धव ने कहा- मोदीजी हम कभी आपके दुश्मन नहीं थे, हम हमेशा आपके साथ थे, आज भी शिवसेना आपके साथ है। हमने पिछली बार अपने गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार किया था। आपने हमें खुद से दूर कर दिया।

उद्धव, सिंधुदुर्ग में 4 फरवरी को एक कार्यक्रम में बोले रहे थे। ठाकरे ने बीजेपी पर कई आरोप लगाए। उन्होंने

कहा- पीएम लगातार महाराष्ट्र के दौरे कर रहे हैं। वे जब भी यहां आते हैं, कुछ न कुछ गुजरात ले जाते हैं। हम उनसे यह कहना चाहते हैं हमारी बात मन की बात नहीं, दिल की बात है। हमारे मन में अंधेरा हो सकता है पर दिल में नहीं। मैं केवल तानाशाहों और झूठों के खिलाफ हूं।

उद्धव ने यह भी पूछा कि भारत सरकार की जगह मोदी सरकार क्यों, कहा जाता है। क्या आपने देश का नाम भारत से बदलकर मोदी कर दिया है? अगर घोषणाओं की बारिश हो, लेकिन उनके कार्यान्वयन का सूखा हो, तो हमें ऐसी मोदी सरकार नहीं चाहिए। उद्धव के बयान को भाजपा ने इसे लोकसभा चुनाव में हार का डर बताया है। भाजपा प्रवक्ता राम कदम ने कहा- इस बयान से साफ है कि I.N.D.I.A में सीट शेयरिंग पर विपक्षी दलों का टकराव बढ़ गया है।

महिलाओं, युवाओं और किसानों पर फोकस...24 हजार करोड़ की नई परियोजनाएं

लखनऊ। एजेंसी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रूपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रूपये) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं।

झारखंड में चंपई फ्लोर टेस्ट में पास: पक्ष में 47, विरोध में 29 विधायक

भाजपा-झामुमो और निर्दलीय से एक-एक एमएलए गैरहाजिर

रांची। झारखंड में चंपई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। 5 फरवरी को करीब 2 बजे हुई वोटिंग में पक्ष में 47 तो विपक्ष में 29 वोट पड़े। भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक-एक विधायक और एक निर्दलीय गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया था। स्पीकर ने इस पर चर्चा के लिए

एक घंटे 10 मिनट का समय निर्धारित किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, कांग्रेस नेता आलमगीर आलम और आजसू के सुदेश महतो ने बात रखी।

23 मिनट के भाषण में हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा को तीखे लहजे में जवाब दिया। कहा कि देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। लगता है इसमें राजभवन शामिल है। वे एक भी पेपर दिखा दें कि मैंने साढ़े 8 एकड़ जमीन हड़पी है तो राजनीति से संन्यास क्या, मैं झारखंड छोड़कर चला जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि इन लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा कि एक आदिवासी सीएम BMW में कैसे चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

डेरा ब्यास मुखी पीएम मोदी से मिले सदन की कार्यवाही देखी; गुरिंदर सिंह ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से भी की बातचीत

अमृतसर। एजेंसी देश के प्रमुख धार्मिक गुरुओं ने आज संसद में पहुंच कार्यवाही को लाइव देखा। इस दौरान डेरा ब्यास के मुखी गुरिंदर सिंह भी पहुंचे। डेरा मुखी ने इस दौरान प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से भी बातचीत की है। प्रधानमंत्री से उनकी ये पहली मुलाकात नहीं है, लेकिन लोकसभा 2024 के चुनावों से जोड़कर भी इसे देखा जा रहा है। डेरा मुखी गुरिंदर सिंह सुबह ही नई दिल्ली में संसद पहुंच गए थे। हालांकि उनके साथ कई अन्य धर्मों के गुरु और प्रचारक भी पहुंचे। प्रधानमंत्री ने उनके साथ खास भेंट की और दोनों के बीच चंद मिनट कुछ वार्तालाप भी हुई।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर बोले CJI-लोकतंत्र की हत्या हुई-निगम की बैठकों पर रोक; कहा- चुनाव अधिकारी ने बैलट पेपरों को खराब किया

चंडीगढ़। एजेंसी चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई। CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- यह स्पष्ट है कि उन्होंने (चुनाव अधिकारी) बैलट पेपरों को डिफेस्ड (खराब) किया। क्या वह इसी तरह चुनाव आयोजित करते हैं? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है।

काशी-मथुरा भाईचारे से दे दें तो सब कुछ भूल जाएंगे, राम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बोले-

विदेशी हमलों में 3500 हिंदू मंदिर तोड़े गए

पुणे। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा है कि अयोध्या के बाद अगर ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि मंदिर हमें मुस्लिम भाईचारे से दे दें तो हम अन्य मंदिरों की ओर नहीं देखेंगे। हमें भविष्य में रहना है, अतीत में नहीं। देश का भविष्य होना चाहिए, अतीत नहीं।

गोविंद देव गिरि ने कहा- मैं मुस्लिमों से हाथ जोड़कर अपील करता हूं, ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। ये आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए थे। विदेशी हमलों में 3500 हिंदू मंदिर तोड़े गए।

हमारे ऊपर ये सबसे बड़े दाग हैं। लोगों को दुख है। अगर वे इस दुख को भाईचारे के साथ खत्म कर देते हैं तो भाईचारा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पुणे के आलंदी में उन्होंने कहा- हमने राम मंदिर का शांतिपूर्ण समाधान ढूंढ़ लिया। अब क्योंकि ऐसा युग शुरू हो गया है, तो हमें उम्मीद है कि अन्य मुद्दे भी शांतिपूर्ण तरीके से हल हो जाएंगे। मुस्लिम समुदाय के लोग शेष दो मंदिरों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए तैयार हैं, लेकिन कुछ लोग इसका विरोध करते हैं।पुणे में गोविंद देव गिरि के 75वें जन्मदिन पर गीता परिवार द्वारा गीता भक्ति अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत 4 से 11 फरवरी के बीच विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ऋस्- प्रमुख मोहन भागवत और श्री श्री रविशंकर सहित अन्य लोग शामिल होंगे। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में कहा- 22 जनवरी को रामलला का आगमन हुआ।

राहुल गांधी ने चलाई 200 किलो कोयले से लदी साइकिल बोले-

आदिवासियों की सरकार बीजेपी को स्वीकार नहीं, एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई

रांची। एजेंसी

झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का चौथा दिन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अपने यात्रा की शुरुआत रामगढ़ के महात्मा गांधी चौक से की। इस दौरान राहुल गांधी ने साइकिल पर कोयला ले जा रहे युवाओं से मुलाकात की।

रांची में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपकी सरकार को क्यों हटाया गया। क्योंकि, यहां

आदिवासियों की सरकार थी, जो बीजेपी को स्वीकार नहीं। लेकिन, हमलोग एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई। केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र पर अटैक किया जा रहा है और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। हमारा गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को कभी दबने नहीं देगा। मोदी जी कहा करते है वो पिछड़े वर्ग से है। जब उनसे कहा गया कि जाति जनगणना करवा दीजिए तो उन्होंने कहा कि देश में दो ही जाति है एक अमीर है, एक गरीब है। राहुल ने कहा कि हम सत्ता में आए तो देशभर में जाति जनगणना कराएंगे,आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा हटाई जाएगी। नोट बंदी..जीएसटी के बाद देश में भयंकर बेरोजगारी फैल गई है।

विद्यार्थियों को सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानशीलता, पुरुषार्थ, पराक्रम और सुशासन की प्रेरणा मिलेगी: मुख्यमंत्री

ग्राम बगवाड़ा (बुधनी), सीहोर में विद्याभारती मध्यप्रांत के सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का शिलान्यास

भोपाल। एजेंसी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर जिले की बुधनी तहसील के ग्राम बगवाड़ा में विद्याभारती मध्यप्रांत द्वारा प्रारंभ किये जा रहे सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर बनने वाले सैनिक स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानशीलता, पुरुषार्थ, पराक्रम और सुशासन की शिक्षा और प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, स्वामी

ईश्वरानंद महाराज (उत्तम स्वामी), आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेश सोनी, विजय कुमार सिन्हा, अशीष चौहान, श्री श्रीराम अरावकर ने भी संबोधित किया। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री सीताशरण शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्या भारती संस्थान द्वारा इस सैनिक स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की भावना को विकसित करने का काम किया जायेगा। नई शिक्षा नीति के निर्माण में विद्या भारती संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रदेश में जहाँ भी सैनिक स्कूल शुरू किए जाएंगे वहां प्रदेश सरकार पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा यहां सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। स्कूल परिसर में आधुनिक शिक्षा की सुविधा, सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध रहेंगीं।

नर्मदा नदी एवं नेशनल हाईवे-46 के पास वन एवं पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे इस स्थान पर भारतीय सेना के कौशल और संस्कारों के साथ शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस भवन की नींव नवग्रह विधान, वास्तु पुरुष एवं अन्य सांस्कृतिक मूल्यों पर रखी जा रही है द्य परिसर में शैक्षणिक खंड, ऑडिटोरियम खंड, रेसीडेंशियल खंड, स्विमिंग पूल, हॉकी मैदान, हॉर्स राइडिंग, शूटिंग रेंज सहित अन्य खेलों एवं साहसिक गतिविधियों के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण की सुविधा रहेगी।

मनीष सिसोदिया को मिली कस्टडी पैरोल

बीमार पत्नी से मिल सकेंगे हफ्ते में एक बार, सीबीआई से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली। एजेंसी

नई दिल्ली। के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शराब घोटाला मामले में सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। साथ ही कोर्ट में सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

वहीं दूसरी तरफ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने कस्टडी पैरोल दे दी है। सिसोदिया कस्टडी पैरोल में हफ्ते में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिल सकेंगे। सिसोदिया को नियमित जमानत नहीं दी है। अब इस मामले पर 12 फरवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक यह व्यवस्था जारी रखें।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में सीलबंद लिफाफे में जांच पर एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष के वकील ने जांच की स्थिति के बारे में पूरा खुलासा न करने पर आपत्ति जताई। जिसके बाद इस आदेश को पारित किया गया था। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सीबीआई को सुनवाई की अगली तारीख तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है।

पहले दिन 7312 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 251 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर

कड़ी सुरक्षा के बीच 32 केंद्रों पर हुई परीक्षा, किसी भी केंद्र पर नहीं बना एक भी नकल प्रकरण

श्योपुर ब्यूरो। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के शुरूआत के पहले दिन सोमवार को 10वीं कक्षा के हिंदी के पर्चे के साथ बोर्ड परीक्षा का महाकुंभ भी शुरू हो गया। परीक्षा के पहले दिन कुल दर्ज 7 हजार 563 परीक्षार्थियों में से 7 हजार 312 ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा दी, 251 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंचने की वजह से अनुपस्थित घोषित किए गए। जिले में 10वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए 32 केंद्रों पर सोमवार को चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षा आयोजित हुई। हर परीक्षा केंद्र पर अव्यवस्था रोकने के लिए पुलिस फोर्स लगाया गया था, जिसने परीक्षार्थियों और पर्यवेक्षकों के अलावा अनावश्यक लोगों को विद्यालय से 100 मीटर दूर बनाए रखा। खास बात यह है कि पहली बार बोर्ड परीक्षा की निगरानी एप के जरिए सीधे प्रदेश स्तर से हुई, वहीं सभी परीक्षा केंद्रों

पर निगरानी के लिए कलेक्टर के प्रतिनिधि भी मौजूद रहें। पहली बार 32 कलेक्टर प्रतिनिधियों को नियुक्ति किया, जिनके द्वारा निगरानी रखी गई। इसके अलावा आला अधिकारी भी कलेक्टर के निर्देश पर विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। पहले दिन किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल प्रकरण की कोई सूचना नहीं मिली। परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई।

कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर संजय कुमार ने सोमवार से शुरू हुई बोर्ड परीक्षाओं के तहत परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय श्योपुर का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से परीक्षा संचालन पाया गया। इस अवसर पर केन्द्राध्यक्ष अशोक महाना तथा प्रेक्षक के रूप में नियुक्त परियोजना अधिकारी विक्रम जाट भी उपस्थित थे।

एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं मिली तो रोने लगा छात्र

वीरपुर के हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट की देरी होने की वजह से 10वीं क्लास के एक छात्र को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। इस वजह से छात्र परीक्षा के पहले दिन ही परीक्षा से वंचित रह गया। छात्र ने केंद्र प्रभारी और स्कूल के अन्य शिक्षकों से कई बार निवेदन भी किया लेकिन, सभी ने नियमों का हवाला देकर उसकी बात नहीं सुनी। इसके बाद छात्र एक से डेढ़ घंटे तक परीक्षा केंद्र के गेट के बाहर खड़े रहकर रोता रहा, बाद में पुलिस कर्मियों और स्थानीय लोगों के समझाने के बाद घर वापस लौट गया। 10वीं क्लास के छात्र अंकेश केवट निवासी नितनवास का सोमवार को हिंदी का पेपर था, परीक्षा केंद्र उसके गांव नितनवान से 8 किलोमीटर दूर हायर सेकेंडरी स्कूल वीरपुर है। किसी विपरीत परिस्थिति में कोई छात्र 15 मिनट लेट हो जाता है, तो 8:40 से 8:45 बजे तक उसे प्रवेश दिया जा सकता है। इस तरह का नियम है लेकिन, अंकेश 9 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचा, इस वजह से परीक्षा केंद्र प्रभारी ने उसे प्रवेश नहीं दिया, जिसके चलते वह परीक्षा के पहले ही दिन परीक्षा से वंचित रह गया।

एफएलएन मेले का आयोजन 09 फरवरी को

जन शिक्षको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

श्योपुर,ब्यूरो। निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में पालकों एवं समुदाय की सहभागिता को बनाए रखने की दृष्टि से राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में 09 फरवरी को एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान) मेले के द्वितीय चरण का आयोजन को लेकर डाइट श्योपुर में जन शिक्षको का एक दिवसीय उन्मुखिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एफएलएन मेले की बेहतर समझ बनाने के उद्देश्य से डाइट प्राचार्य श्री राघवेन्द्र सिकरवार के निर्देशन में प्रथम संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला स्तर पर सभी जनशिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया जिसमें मेले की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई और मेले में आयोजित की जाने

वाली गतिविधियों का विभिन्न स्टाल लगाकर डिमोस्ट्रैशन भी किया गया। डिमोस्ट्रैशन के लिए छः स्टाल लगाए गए जिसमें पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी और बच्चों का कोना शामिल थे। जानकारी देते हुए बताया गया कि मेले के आयोजन हेतु शाला में खुली जगह का चयन करके स्टाल लगाए जाएंगे और कक्षा 1 व 2 के बच्चे अपने माता-पिता के साथ मेले में भाग लेंगे जहाँ सर्वप्रथम बच्चों का पंजीयन स्टाल पर पंजीयन किया जाएगा और उन्हें एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा जिसे बच्चे के द्वारा मेले में लगे अलग-अलग स्टाल पर विभिन्न गतिविधियों में प्रदर्शन के आधार पर भरा जाएगा। इस उन्मुखीकरण के दौरान डाइट प्राचार्य श्री राघवेंद्र सिंह, निपुण प्रोफेशनल श्री सुरेश कुमार, एपीसी श्री राकेश शर्मा एवं डाइट प्रशिक्षण समन्वयक श्री प्रदीप मुद्गल एवं तीनों विकासखंडों से समस्त बीआरसीसी, बीएसी एवं सीएसी उपस्थित रहें। इनके द्वारा सभी स्टाल का अवलोकन किया गया और मेले की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझा गया। यहाँ से उन्मुखीकरण प्राप्त करने के बाद जनशिक्षक अपने-अपने जनशिक्षा केंद्रों पर जाकर मेले के आयोजन से पूर्व प्राथमिक शिक्षकों का उन्मुखीकरण करेंगे ताकि 09 फरवरी को समस्त शालाओं में एफएलएन मेले का सफल आयोजन किया जा सकें।

हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी परीक्षा के दौरान ध्वनिविस्तारक यंत्रो के दुरूपयोग पर रोक लगाई गई

श्योपुर,ब्यूरो। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा आयोजित हाईस्कूल ध्हायर सेकेण्डरी वाषिक परीक्षाऐं 05 फरवरी 2024 से प्रारम्भ हो रही है। इस दौरान कुछ व्यक्तियों या समूह द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रो का दुरूपयोग कर बहुत अधिक तीव्रता से बजाए जाने की संभावनों को दृष्टिगत जिला दण्डाधिकारी श्री संजीव श्रीवास्तव ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। लोक परिशांति बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारियों हेतु शांति पूर्ण वातावरण प्रदान करने हेतु मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनमयन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत तत्काल प्रभाव से परीक्षा समाप्ति की अवधि के लिए आदेश दिए जाते हैं कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे इत्यादि का उपयोग किसी सभा, सम्मेलन, जलूस, कार्यक्रम, जलसा या चलित वाहन इत्यादि में नहीं करेगा।

ग्रीन ऐग प्रोजेक्टः जीएलएमपी पर हुई चर्चा

प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित

श्योपुर,ब्यूरो। कलेक्टर श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट अंतर्गत कलेक्टेऊट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय प्रोजेक्ट टीम द्वारा अब तक के कार्यो की प्रगति प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही बैठक में ग्रीन लैण्डस्कैप मैनेजमेंट प्लान पर चर्चा की गई तथा विभिन्न विभागों के कन्वर्जन से किये जाने वाले कार्यो की योजना प्रस्तुत की गई।

बैठक में डीएफओ सामान्य वन मंडल श्री सीएस चौहान, कूनो श्री थिरूकल आर, उप संचालक कृषि श्री पी गुजरे, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाष बाबू दौहरे, कार्य पालन यंत्री जल संसाधन श्री आरएन शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रविन्द्र सिंह तोमर, जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी श्री अजय उपाध्याय, उद्यानिकी से श्री एसएस प्रजापति, जिला स्तरीय टीम लीडर श्री अतुल पाल आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री संजय कुमार ने निर्देश दिये कि ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यो के साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि की रूटीन योजनाओं का लाभ कन्वर्जन करते हुए प्रोजेक्ट एरिया में लक्षित परिवारों को दिया जायें। पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से उन्हें वानिकी एवं उद्यानिकी से जोडा जायें। उन्होंने कहा कि क्रॉप पेटर्न में बदलाव लाया जायें, इसके लिए कृषि क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है।

इस अवसर पर प्रेजेटेंशन के माध्यम से बताया गया कि प्रोजेक्ट के तहत श्योपुर एवं मुरैना जिले की विजयपुर तथा सबलगढ विकासखण्ड में 98 हजार हेक्टयर भूमि को लक्षित कर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, लाइलीहुड, जैव विविधता, लैण्ड मैनेजमेंट, रिवाईन्स एरिया में सुधार सहित पर्यावरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसमें कुल 116 गांव लिये गये है, जिनमें विजयपुर के 76 तथा सबलगढ के 40 गांव शामिल है। सभी गांव में सीआरपी के माध्यम से बेसलाइन सर्वे कार्य कराया गया है, इसके साथ ही प्रारंभिक स्तर पर 25 गांव में गतिविधियां आयोजित की जा रही है, जिसके तहत विजयपुर के 17 तथा सबलगढ के 08 गांव लिये गये है।

दिनभर आसमान पर छाए रहे बादल, मौमस साफ होने के बाद और बढेगी ठंड

श्योपुर ब्यूरो। मौसम का मिजाज हर रोज बदल रहा है। रविवार सुबह से शुरू हुई बारिश दिनभर रुक-रुक कर होती रही। धूप नहीं निकली। इससे अधिकतम पारे में गिरावट दर्ज की गई। वहीं सोमवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे। मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार को भी बादल छाए रहने की संभावना जताई है। सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 22 एवं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सिएस पर पहुंच गया है।

बता दें कि, पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। 3 फरवरी को बादल छा गए। इसके बाद रविवार की सुबह मौसम

ने फिर करवट ली और आसमान में बादल छा गए। कुछ ही देर में रिमझिम बरसात शुरू हो गई। वहीं रात को 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। दिनभर रुक-रुककर बरसात होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। बादल छाए रहने से दिन में धूप भी नहीं निकली। 10 किमी प्रति घंटे की गति से चली सर्द हवा मुसीबत बढ़ाती रही। ठंड बढ़ने से राहत पाने को लोग हीटर व अलाव के पास बैठे रहे। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जलभराव और कीचड़ ने राहगीरों का आवागमन दुश्वार कर दिया।

गेहूं को फायदा, सरसों को नुकसान

बरसात कुछ फसलों के लिए फायदेमंद रही तो कुछ के लिए नुकसानदेय साबित हुई है। किसान नेता राधेश्याम ने बताया कि गेहूं की फसल के लिए बरसात फायदेमंद है। लेकिन सरसों की फसल को बारिश से नुकसान हो सकता है।

एडल्ट बीसीजी टीबी वैक्सीनेशन अभियान

राष्ट्रीय क्षय उन्नमूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

श्योपुर,ब्यूरो। कलेक्टर श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय क्षय उन्नमूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडल्ट बीसीजी टीबी वैक्सीनेशन अभियान की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ जेएस राजपूत, जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह रावत सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, सेक्टर मेडिकल आफिसर, बीएमओ आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री संजय कुमार ने निर्देश दिये कि राष्ट्रीय उन्नमूलन कार्यक्रम अंतर्गत एडल्ट बीसीजी टीबी वैक्सीनेशन अभियान के तहत लक्षित व्यक्तियों का मैदानी सर्वे सुनिश्चित किया जायें तथा कोई भी लक्षित व्यक्ति सर्वे से नही छूटे, इसके साथ ही ऐसे टीबी रोगी जिन्हें डॉट्स ट्रीटमेंट दिया जा रहा है, वे नियमित रूप से दवा का सेवन करें, यह सुनिश्चित किया जायें।

जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह रावत ने बैठक में जानकारी दी कि एडल्ट बीसीजी टीबी वैक्सीनेशन अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे लोगों को टीका लगाया जायेगा, जो 5 साल के टीबी पेसेंट है, ऐसे व्यक्ति जो पिछले तीन साल में किसी टीबी पेसेंट के संपर्क में आये है। ऐसे व्यक्ति जिनका बॉडीमास इंडेक्स 18 से कम है तथा ऐसे व्यक्ति जो डायबटिज पेसेंट है आदि क्राइट एरिया के आधार पर चिन्हांकित किये जायेगे तथा उनको टीका लगाया जायेगा।

सेक्टर मेडिकल आफिसर के कार्यो की मॉनीटरिंग के निर्देश

कलेक्टर श्री संजय कुमार ने बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ राजपूत को निर्देश दिये कि सेक्टर मेडिकल आफिसर के रूप में नियुक्त डॉक्टर्स के कार्यो की साप्ताहिक मॉनीटरिंग की जायें तथा उनके कार्य एवं प्रगति का आंकलन किया जायें। लापरवाही बरतने वाले मेडिकल सेक्टर आफिसर के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उल्लेखनीय है कि जिले में 15 सेक्टर मेडिकल आफिसर नियुक्त है, जिनके पास विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अपने-अपने सेक्टर में क्रियान्वयन कराने का दायित्व है।

"समाधान आपके द्वार" कार्यक्रम का पंचम चरण 24 फरवरी को

जिसमें पक्षकारों के आपसी समझौते से सुलझेंगे मामले

भिण्ड,ब्यूरो। समाज के निर्धन तथा वंचित वर्गों को सुलभ एवं समुचित तरीके से त्वरित न्याय दिलाने तथा ''न्याय सभी के लिए'' संकल्प को आगे बढ़ाते हुए न्यायमूर्ति श्री रोहित आर्या प्रशासनिक न्यायमूर्ति म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर एवं सह-अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर द्वारा ''समाधान आपके द्वार'' अभियान का आरंभ किया जा रहा है। इस संकल्प को आगे ले जाने तथा अभियान की अधिकतम सफलता

सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड पूर्णतः वचनबद्ध है। इसी क्रम में श्री राजीव कुमार अयाची, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्षएवं माननीय श्री हिमांशु कौशल, सचिव के मार्गदर्शन में ''समाधान आपके द्वार'' योजना का सफल आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला न्यायालय भिण्ड में माननीय श्री राजीव कुमार अयाची ,प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड की अध्यक्षता में समस्त सम्माननीय न्यायाधीशगण के साथ 24.02.2024 को ''समाधान आपके द्वार'' कार्यक्रम एवं दिनांक 09 मार्च, 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की प्रगति की समीक्षा किए जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के बारें में जिला मुख्यालय भिण्ड एवं तहसील न्यायालय लहार, गोहद एवं मेहगांव में न्यायालय, स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, जिला पंचायत, नगरपालिका, ग्राम पंचायतों आदि के समन्वय एवं सहयोग से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण किए जाने हेतु चर्चा की गई एवं किस प्रकार से प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा सके इसकी रूपरेखा तैयार की गई जिससे कि न्यायालयों एवं अन्य विभागों के लंबित प्रकरणों को चिन्हित करके एवं पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी राजीनामे में प्रेम एवं सौहार्द पूर्ण निराकरण 24 फरवरी, 2024 को कराया जा सके। समाधान आपके द्वार योजना के प्रचार-प्रसार हेतु पुलिस थानों, ग्राम पंचायतों, वन, विद्युत, राजस्व, नगरपालिका, आदि कार्यालयों व पैरालीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से भी आवश्यक प्रचार-प्रचार कराये जाने हेतु सहमत हुए।

कलेक्टर ने हाईस्कूल की चल रही परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 20999 छात्र-छात्राओं में से 20201 उपस्थित रहे, 798 रहे अनुपस्थित

भिण्ड,ब्यूरो। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में श्रीराम महाविद्यालय, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुनियादी भिण्ड, जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल भिण्ड, श्री रवीन्द्र नाथ टैगोर उमावि भिण्ड परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर भिण्ड में संचालित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 20999 छात्र-छात्राओं में से 20201 उपस्थित रहे एवं 798 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला पहुंचे शहीद श्री भदौरिया के निज निवास

श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदनाएं

भिण्ड,ब्यूरो। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने 30 जनवरी 2024 को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले में शहीद विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के ग्राम कुपावली, तहसील अमायन, जिला भिण्ड के निवासी सपूत श्री पवन सिंह भदौरिया के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ग्राम बरहद में विकसित हो रहा है आदर्श आयुर्वेदिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर

भिण्ड,ब्यूरो। मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर नीलम कुशवाह के नेतृत्व में ग्राम बरहद में आयुर्वेदिक औषधालय को आदर्श हेल्थ वेलनेस सेंटर जिसका नवीन नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर है, बनाया गया है। यहां पर ग्रामीण लोगों को 12 प्रकार की सेवाएं दी जाएगी जिसमे सामान्य बीमारियों का प्रबंधन के साथ-साथ गर्भावस्था, शिशु जन्म के समय की देखभाल सेवाएं ,नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं,

बाल्यावस्था और किशोरावस्था सेवाएं, परिवार नियोजन प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, संक्रामक रोगों का प्रबंधन,गैर संक्रमित रोगों की पहचान रोकथाम नियंत्रण, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं एवं ट्रॉमा सहित आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य लोगों की जांच बुनियादी प्रबंधन की सेवाएं दी जाएंगी। चिन्हित पैथोलॉजिकल जांच सेवाएं भी दी जाती है जिनमें हीमोग्लोबिन की जांच ब्लड शुगर की जांच ब्लड की अन्य जांच आदि की जाती है। इसके अलावा ग्रामीण लोगों को योग से निरोग कार्यक्रम के तहत योगाभ्यास कराया जाता है इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों और सहायकों की नियुक्ति भी की गई है।अपने आसपास पाई जाने वाली औषधियां की पहचान करना और उनसे क्या-क्या लाभ उठाए जा सकते हैं, कौन सी औषधि किन किन बीमारियों में काम आती है इन सब की जानकारी के लिए औषधि उद्यान हर्बल गार्डन भी विकसित किया गया है जिसमें स्थानीय और विशेष औषधि पौधों को लगाया गया है एवं उनका विस्तृत विवरण भीदिया गया है ताकि आम ग्रामीण जन भी अपने आसपास की औषधियां को पहचान सके और उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित कर सके।

मीडियेटर को सभी पहलुओं पर विचार कर अपने ज्ञान व अनुभव के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करना चाहिए : प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता

अधिवक्ताओं को मध्यस्थता की बारीकियाँ सिखाने के लिये पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

ग्वालियर। (न.सं.)

न्यायालयों में प्रकरणों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखकर मीडियेशन के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के लिए यह तंत्र तैयार किया गया है। प्रशिक्षित मीडिएटर द्वारा पक्षकारों के मध्य विवादों को समझकर और उनका विश्लेषण कर आपसी समझाईश से प्रकरणों को निराकरण करने का प्रयास किया जाता है। इसलिए मीडियेटर को समुचित प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण के माध्यम से ही दो पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता करने की सहज प्रक्रिया समझाई जाती है, जिससे मीडिएटर प्रकरण को अच्छी तरह समझकर और विवाद के वास्तविक कारण को जानकर सरलता से प्रकरण को सौहार्द पूर्ण तरीके से निराकृत कर सकें। इस आशय के विचार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पी सी गुप्ता ने व्यक्त किए।

प्रधान न्यायाधीश श्री गुप्ता मीडिएशन एंड कंसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं के लिये आयोजित किए जा रहे प्रशिण कार्यक्रम के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 9 फरवरी तक रेडिऐंस होटल में आयोजित हो रहा है।

लगभग 40 घंटे के मीडियेशन ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ सत्र में प्रधान न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि मीडियेटर को प्रकरण को मीडियेशन के माध्यम से निराकृत करते समय प्रकरण के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए अपने ज्ञान, अनुभव एवं प्रशिक्षण का इस्तेमाल करना चाहिए।

इस अवसर पर एम सी पी सी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली की प्रशिक्षक श्रीमती नीना खरे, श्री अशोक कुमार रे, श्रीमती गिरिबाला सिंह, श्री शाहिद मोहम्मद व जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दीपक शर्मा सहित अधिवक्ता गण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 25-25 अधिवक्ताओं के दो बैचों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम बैच को एमसीपीसी की प्रशिक्षक श्रीमती नीना खरे व श्री अशोक कुमार रे तथा द्वितीय बैच को एमसीपीसी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के प्रशिक्षक श्रीमती गिरिबाला सिंह व श्री शाहिद मोहम्मद द्वारा मध्यस्थता तकनीकी की बारीकियाँ सिखाईं। साथ ही मध्यस्थ द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया, मध्यस्थता के लिए उपयुक्त प्रकरण आदि विषय पर भी विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

बीमारी से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी हुई मौत

परिजन बोले मिर्गी की बीमारी से था परेशान, पुलिस जांच में जुटी

ग्वालियर। (न.सं.)

ग्वालियर में एक युवक ने बीमारी से तंग आकार फांसी लगाकर जान दे दी। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के बीडी श्रमिक कॉलोनी की है। घटना का पता तब चला जब पड़ोसियों ने युवक को फंदे पर लटका देखा तो इसकी सूचना परिजन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मृतक युवक के परिजन व पुलिस मौके पर जा पहुंची जहां पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामला दर्ज कर शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट या अन्य जानकारी नहीं मिली है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सके।

कुम्हरपुरा निवासी मुकेश कुमार पुत्र टिल्लू राम ने बताया कि उसका छोटा भाई किशोर कुमार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के बीडी श्रमिक कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहता है। बीते रोज उसके बच्चे व पत्नी उसके घर पर आए थे और किशोर अकेला था। इसी बीच उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता उस समय चला जब पड़ोसियों ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पता नहीं चला है किन कारणों से उसने सुसाइड किया है। परिजनों ने बताया कि मृतक मिर्गी की बीमारी से परेशान था, संभवतः इसी के चलते उसने सुसाइड किय है।

महाराजपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि एक युवक द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना परिजनों ने थाने पर दी गई थी, सूचना मिलने पर थाने का बल मौके पर पहुंचा था जहां जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

आज युवा संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन

ग्वालियर। नेहरू युवा केंद्र (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के तत्वाधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ग्वालियर में दिनांक 6 फ़रवरी को युवा संवाद कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें युवाओं को एचआईवी एड्स के संबंध में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सेवार्थ जन कल्याण समिति ग्वालियर ओम प्रकाश दीक्षित , अन्य अतिथि जिला युवा अधिकारी श्रीमती नेहा जादौन,डाइट कॉलेज प्राचार्य एस.एस. श्रीवास्तव ,जिला प्रशिक्षण अधिकारी एडस डॉ विजय पाठक जी साथ हि राष्ट्रीय स्वयंसेवक निखिल कुशवाहा भी उपस्थित रहेंगे। युवा संवाद के अतिरिक्त अन्य गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक ,रैली चित्रकला प्रतियोगिता , वाद विवाद आयोजित किया जाएगा जिसमे नेहरू युवा केंद्र के सभी स्वयंसेवक और महाविद्यालय के विद्यार्थीगण ग्वालियर-चंबल संभाग से 200 प्रतिभागी उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर ने किया विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

मुरार थाना में एसएसपी के साथ सीसीटीव्ही फुटेज से देखी प्रश्न-पत्र ले जाने की प्रक्रिया

ग्वालियर। (न.सं.)

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाएँ सोमवार 5 फरवरी से ग्वालियर जिले में भी शुरू हुईं। पहले दिन 10वी कक्षा के हिन्दी विषय की परीक्षा हुई। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री सिंह इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल के साथ पुलिस थाना मुरार भी पहुँचे और सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज निकलवाकर पुलिस थाने से परीक्षा केन्द्र के लिए प्रश्न-पत्र ले जाने की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचकर बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए स्थापित किए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा श्री दीपक पाण्डेय भी उनके साथ थे।

सोमवार को कलेक्टर श्री सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.-1 मुरार में संचालित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस परीक्षा केन्द्र पर एमएलबी कन्या मुरार व सिल्वर वेल्स स्कूल के 10वीं कक्षा के 454 परीक्षार्थी हिंदी विषय की परीक्षा देने आए थे। कलेक्टर श्री सिंह ने इस केन्द्र के शौचालय की साफ-सफाई करने के निर्देश केन्द्राध्यक्ष को दिए। साथ ही कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल के दिशा-निर्देशों का पालन कर परीक्षाएँ सम्पन्न कराएँ। उन्होंने इस केन्द्र के अलावा महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.-2 मुरार एवं हजीरा क्षेत्र में स्थित जेसीमिल स्कूल में स्थापित किए गए परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करें, जिससे किसी परीक्षा केन्द्र से फोन के माध्यम से कोई समस्या बताई जाए तो उसका तत्काल समाधान किया जा सके। उन्होंने कंट्रोल रूम के भीतर माध्यमिक शिक्षा मण्डल के दिशा-निर्देशों का फ्लो चार्ट लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कंट्रोल रूम सजग व अपडेट रहे, इसमें कोई ढ़िलाई न हो।

कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये विशेष प्रयास करने पर बल दिया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा को निर्देश दिए कि शिक्षकों के लिये रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। इससे पहले शिक्षकों की परीक्षा लें और ग्रेडिंग तय करें। ग्रेडिंग तय करने के बाद उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिलाएँ जिससे वे और दक्ष होकर बच्चों को पढ़ा सकें।

संगीतमय नवग्रह विधान में महिला और पुरुषवर्ग द्वारा सामूहिक संगीतमय भक्ति और नृत्य प्रस्तुत किए

जैन स्वर्ण मंदिर में हुआ संगीतमय नवग्रह मण्डल विधान, अचार्यश्री के स्वास्थ्य के लिए की सामूहिक प्रार्थना

ग्वालियर। (न.सं.)

आज सोमवार को डीडवाना ओली स्थित दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर में संगीतमय नवग्रह मण्डल विधान का आयोजन किया गया।विधान में जैन समाज के सबसे बड़े जैनसंत आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज के स्वास्थ्य होने की भगवान जिनेंद्र से मंगल कामना की गई।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन (आदर्श कलम) ने बताया की नवग्रह मण्डल विधान का शुभारंभ राजकुमार मिट्ठू सेठी परिवार के द्वारा भगवान जिनेंद्र के समक्ष मढ़ने पर भक्तिभाव के साथ अर्घ समर्पित कर किया। विधानचार्य पंडित अनुभव जैन ने विधान की महिमा विस्तृत रूप से

समझाई। महिलाओ ने मंगल कलश की स्थापना मढ़ने पर की। संगीतमय विधान में महिला और पुरुषवर्ग द्वारा सामूहिक भक्ति और नृत्य प्रस्तुत किए। विधान के दौरान परमपूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना के लिए महिला पुरुष द्वारा सामूहिक रूप भगवान जिनेंद्र से मंगल प्रार्थना के साथ भजन के माध्यम से भावना व्यक्त की गई।

इस अवसर पर विधान में स्वर्ण मंदिर अध्यक्ष प्रवीण गंगवाल, सचिव अंकित पाटनी, मृणाल शेत्रपालया, निर्मल सोनी, प्रमोद सौगानी, निर्मल पाटनी, अनूप सौगानी, प्रदीप कटारिया, सुरेंद्र सोनी, रतन अजमेरा, महावीर गंगवाल, विपुल पाटोदी, राजेश पाटोदी, मनोज सेठी, प्रशांत गंगवाल, प्रियांक सोनी, अनिल पाटोदी, शांतिलाल सेठी, महेश सेठी, विनोद पाटोदी, डा.सुनील गोधा, अमोलक पाटनी, संदीप पाटनी, प्रमोद गंगवाल, प्रमोद पाटनी के अलावा काफ़ी संख्या में महिलाएँ शकुन्तला सेठी, रेखा पाटोंदी, सोनल पाटोदी, मोनिका सेठी,रेणु पाटनी, ममता पाटोदी, आराधना क्षेत्रपाल्या, मंजु पाटनी, रक्षा पाटनी, विनीता पाटोंदी, आदि उपस्थित थी।

वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद सेन को पितृ शोक

ग्वालियर। वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद सेन को पितृ शोक उनके पिताश्री अशोक कुमार सेन पिछले 1 साल से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर के हजार बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां बीते शनिवार 3 फरवरी को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। इसके अलावा भिंड दतिया लोकसभा सीट के प्रभारी लोकेंद्र पाराशर और बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन सेन ने भी अपनी गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त की। भिंड दतिया लोकसभा सीट के प्रभारी लोकेंद्र पाराशर और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन सेन, एवम् वरिष्ठ पत्रकार सुमित राठौर ने आज वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद सेन के डबरा जंगीपुर स्थित वार्ड क्रमांक 18 मस्जिद के पास उनके पैतृक आवास पर पहुंचे, यहां उन्होंने पत्रकार प्रहलाद सेन के परिवार को दुख की घड़ी में संबल प्रदान किया।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पहुँचे ऊर्जा मंत्री तोमर

कहा अगले साल से और भव्यता के साथ आयोजित होगी सांसद खेल प्रतियोगिता

विजेता व उपविजेता टीमों को दी बधाई और खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया

ग्वालियर। (न.सं.)

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर फूलबाग मैदान पर आयोजित हो रही जिला स्तरीय सांसद (राज्यसभा) खेल प्रतियोगिता में सोमवार को खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुँचे। उन्होंने यहाँ पहुँचकर कबड्डी के सेमीफायनल मैच को देखा और दोनों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही पारंपरिक खेल सितौलिया की विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि अगले साल इस प्रतियोगिता को और भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में नए आयाम जोड़े जायेंगे। उन्होंने प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे खूब मेहनत व अभ्यास कर अपने खेल को निखारें। प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

प्रशंसा पत्र देकर बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का आत्मिक सम्मान किया

ग्वालियर। (न.सं.)

मध्यप्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर एवं जन-जन तक मीडिया मित्रों के माध्यम से प्रदेश के सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का एमपी प्रेस क्लब के सदस्यों ने मीडिया कार्यालय पहुंचकर आत्मिक सम्मान किया। एमपी प्रेस क्लब के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश की आदर्श जनता गरीब जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों का कल्याण किया है। मध्यप्रदेश में इसके लिए भाजपा एवं भाजपा मीडिया प्रभारी विशेष धन्यवाद के पात्र है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी का हृदय

से स्वागत सम्मान करता है, जबलपुर, उज्जैन, बैतूल, नर्मदा पुरम, एवं संपूर्ण प्रेस क्लब सदस्यों के तरफ से मध्यप्रदेश के भाजपा मीडिया प्रभारी का धन्यवाद आभार व्यक्त करता है। भोपाल एमपी प्रेस क्लब के सदस्यों ने मीडिया ऑफिस पहुंचकर प्रशंसा पत्र देकर आत्मीय सम्मान किया।

वैज्ञानिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, किसानों व छात्रों ने रूचिपूर्वक देखा किसान मेला

ग्वालियर। (न.सं.)

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के मुख्य प्रागंण में चल रहे चार दिवसीय किसान मेले में आज अतिथियों के रूप में आये रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. एस.के. चतुर्वेदी, जिलाधीश अक्षय कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद किसानों से कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि के लिये शासन की अच्छी योजनाओं तथा कृषि में हो रहे नये-नये अनुसंधानों व प्रयोगो की जानकारियां आप तक पहुंचाने के लिये यह बहुत अच्छा आयोजन

किया है आप इसका भरपूर लाभ उठाये। यह किसान मेला कल 06 फरवरी तक चलेगा। किसानो को सम्बोधित करते हुये डॉ. एस.के. चतुर्वेदी ने कहा कि कृषि में दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस क्षेत्र में अभी और भी आगे बढने की संभावना है। आपने कहा कि जब हम हाइब्रिड फसलों की बात करते है तो उनमें स्वाभाविक रूप से हमें जल की अधिक आवश्यकता पडती है। इसे देखते हुये हमारे किसान भाइयों को ऐसी फसलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है जिनमें कम जल, कम उर्वरक आदि का प्रयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के तीसरे दिन आज ड्रोन तकनीक का सजीव चित्रण किसान भाईयों एवं विद्यार्थियों के समक्ष किया गया तथा बताया गया कि ड्रोन के द्वारा हम बीजों की बुवाई, सूक्ष्म तत्वों की कमी, पानी की कमी आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में मौजूद ड्रोन की कुछ विशेषतायें जैसे 1 मिनट की चार्जिंग में 10 मिनट तक चलना, 1 बार की चार्जिंग में 1 से 1.5 एकड के क्षेत्र को सिंचित करना तथा बैटरी कम होने पर अपने स्थान पर पुनः आ जाना आदि के बारे में अवगत कराया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने आयीं सिंधिया कन्या महाविद्यालय की छात्रा कु. अम्बिका पांडे ने इस किसान मेले में लगाई गई प्रदर्शनियों में मॉडर्न टेक्नॉलोजी को देखने का अवसर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान करने पर धन्यवाद दिया।

तकनीकी सत्रों में संरक्षित खेती की तकनीक, बाजरा उत्पादन की उन्नत तकनीक, कृषि विभाग की कृषकोपयोगी योजनायें, प्राकृतिक खेती पद्धति में कीट व रोग प्रबंधन की तकनीकें, सब्जियों की संरक्षित खेती, मशरूम उत्पादन की उन्नत तकनीक, सोयाबीन की खेती आदि विषयों पर क्रमशः निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर.के. पण्ड्या, संयुक्त संचालक डी.एल. कोरी, वैज्ञानिक डॉ. जे.सी. गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अवनी कुमार सिंह, वैज्ञानिक डॉ. अरविन्दर कौर, वैज्ञानिक डॉ. धर्वेन्द्र सिंह द्वारा कृषकों हेतु व्याख्यान दिये गये।

संपादकीय

कांग्रेस में दिग्गज नहीं दिखा रहे दम

देवदत्त दुबे

2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी पराजय के बाद कार्यकर्ताओं से ज्यादा हताशा कांग्रेस के दिग्गज नेता दिखा रहे है। मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कोई उत्साह दिखाते नजर नहीं आ रहे जबकि इन दोनों की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव 2019 के लोकसभा चुनाव और 2023 के विधानसभा चुनाव में भारी दम खम दिखाया।

दरअसल, प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाने की उम्मीद है। 2018 की तरह बन गई थी लेकिन करारी हार मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में जिस तरह से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन किया। उसके बाद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने लोकसभा चुनाव के प्रति किसी भी प्रकार का उत्साह नहीं दिखाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जहां लोकसभा चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया क्योंकि उनके अभी राज्यसभा के 2 वर्ष का कार्यकाल बाकी है जबकि पार्टी हाईकमान और पार्टी के रणनीतिकार दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारना चाहते हैं। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी विधानसभा चुनाव की पराजय के बाद बाहर चले गए थे। कुछ दिन पहले भोपाल और छिंदवाड़ा आकर औपचारिकता की है। किसी पर प्रकार की रणनीति बनाने या चुनावी तैयारी जैसा कोई बयान भी सामने नहीं आया है। इसके विपरीत कमलनाथ के पुत्र सांसद कमलनाथ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है कि वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं लड़ेंगे। यहां तक कि वह किस पार्टी से लड़ेंगे ऐसे भी प्रश्न चर्चा में आना कांग्रेसियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है।

बहरहाल, प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जहां सभी 29 लोकसभा सीटे जीतने के लिए बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक जोरदार तैयारी में जुट गई है। सत्ता और संगठन कदमताल करते हुए पूरी तरह से चुनाव पर फोकस किए हुए हैं। पार्टी प्रत्याशियों को लेकर सर्वे चल रहे हैं नए चेहरों को मैदान में उतरने और कुछ दिग्गज नेताओं को लड़ाने पर भी विचार चल रहा है। पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या में राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा के बाद बने माहौल को पार्टी जन-जन तक पहुंचा रही है।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी जुझारू क्षमता अभी तक मैदान में नहीं दिखा पा रहे हैं क्योंकि उन्हें नए सिरे से पूरे प्रदेश की तासीर समझना है। राजनीतिक हालातो को पार्टी के पक्ष में कैसे लाया जाए इसके लिए कठिन परिश्रम करना है। उनका परिश्रम तभी कामयाब होगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता उनके साथ कदमताल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह जैसे दिग्गज नेता जब तक मैदान में दम नहीं दिखाएंगे। कांग्रेस के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा यदि यह सब नेता लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरते हैं खुद चुनाव लड़ते हैं तो कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ेगा और अपने साधनों और कार्यकर्ताओं की फौज की दम पर यह नेता टक्कर देते भी नजर आएंगे।

कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव की हार के बाद जिस तरह से कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने पार्टी से किनारा कर लिया है न तो लोकसभा चुनाव की तैयारी में कोई रुचि दिखा रहे हैं और ना ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा के प्रति कोई उत्सुकता दिखा रहे हैं। उससे कांग्रेस की कमजोरी नजर आ रही है। 7 फरवरी से होने वाले विधानसभा सत्र में भी यदि कांग्रेस अपनी दम नहीं दिखा पाए तो कांग्रेस कैसे माहौल बनाएगी। कैसे कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेगी इसको लेकर कांग्रेस की रणनीतिकार चिंतन कर रहे हैं।

हेमंत की गिरफ्तारी, विपक्षी नेता चिंता में

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदल कर एनडीए में चले जाने और भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बन जाने की घटना ने कांग्रेस और विपक्ष को जितनी चिंता में नहीं डाला है उससे ज्यादा चिंता झारखंड के घटनाक्रम से हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर पर बैठ कर जिस तरह से ईडी ने उनका इस्तीफा कराया और उसके बाद उनको गिरफ्तार किया उससे विपक्ष के कई नेता बेचैन हुए हैं। खास कर ऐसे नेता, जिनसे ईडी की पूछताछ चल रही है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लेकर दिल्ली व महाराष्ट्र तक विपक्षी पार्टियों के नेता चिंता में हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। उनकी चिंता यह है कि अगर भाजपा को लगा कि किसी नेता की वजह से 2024 के चुनाव में नुकसान हो सकता है तो एजेंसी उस नेता को गिरफ्तार करके रास्ते से हटा सकती है।

इस चिंता में सबसे ज्यादा लालू प्रसाद का परिवार है। उनके परिवार के पांच लोगों से ईडी की पूछताछ चल रही है। लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव और दो बेटियों, मीसा भारती व हेमा यादव का नाम जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े कथित घोटाले में शामिल किया गया है। लालू से 29 और तेजस्वी से 30 जनवरी को पूछताछ हुई थी। अब राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को नौ फरवरी को दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी दिन इन तीनों को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश होना है, जहां आरोप तय होंगे। सो, लालू परिवार में चिंता है। लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव में से किसी को गिरफ्तार होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इनके करीबी रहे अमित कत्याल ने केंद्रीय एजेंसी को कुछ जानकारी दी है। कत्याल अभी जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि राजद की राजनीति लालू और तेजस्वी ही संभाल रहे हैं।

इसी तरह दिल्ली में आम आदमी पार्टी में चिंता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत परेशान हैं और इस परेशानी में ही वे विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने और उन्हें तोड़ने की साजिश के अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। वे किसी तरह से यह दिखाना चाहते हैं कि भाजपा उनकी पार्टी तोड़ने और सरकार गिराने के लिए उनको गिरफ्तार करना चाहती है। वे भ्रष्टाचार के नैरेटिव से ध्यान हटाना चाहते हैं, जबकि भाजपा का प्रयास उनको भ्रष्टाचार के आरोप में घर कर उनके कट्टर ईमानदार होने के नैरेटिव को खत्म करने का है। उनकी पार्टी के दो नेता, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं और अगर केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो उनकी पार्टी का प्रचार अभियान पटरी से उतर जाएगा। ईडी ने उनको पांचवां समन जारी किया है और दो फरवरी को हाजिर होने के लिए कहा है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के ऊपर सीधे कोई आरोप नहीं है। लेकिन उनकी पार्टी के आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेता, विधायक और पूर्व मंत्री गिरफ्तार हो चुके हैं। ममता की चिंता भतीजे अभिषेक और उनकी पत्नी व ससुराल के अन्य लोगों की गिरफ्तारी की है। शिक्षक भर्ती व राशन में कथित घोटाला और कोयला तस्करी का मामला चल रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेताओं पर भी कार्रवाई हो रही है। पवार की चिंता अपने पोते रोहित पवार को लेकर है, जो परिवार के विवाद में अजित के साथ जाने की बजाय उनके साथ रहे हैं। रोहित से ईडी ने पूछताछ की है और जल्दी ही उनको दोबारा बुलाया जा सकता है।

शब्द सामर्थ्य -323

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू- दोकू क्र.323

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.322 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ बीतेगा। आज कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी इससे आपको खुशी होगी। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं न कहीं खालीपन का एहसास रहेगा। आज सिर्फ सुनें-सुनाई और आलोचनात्मक बातों पर ध्यान न दें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज पर्सनल लाइफ से संबंधित किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से परहेज करेंगे। आज ऑफिस में आप पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे।

मिथुन आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्त्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। परंतु अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित बनाकर भी रखना जरूरी है। आज बच्चों की गतिविधियों और संगति पर कड़ी नजर रखेंगे।

कर्क आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है। आज कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज किसी सदस्य की नकारात्मक बात को लेकर आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज कहीं भी यात्रा करने से फिलहाल परहेज करें और व्यक्ति गत मामलों में ध्यान देंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़। पैतृक जमीन-जायदाद संबंधी मामले में आज आपको सफलता मिलेगी। आज दूसरों के व्यक्ति गत मामलों से भी खुद को दूर ही रखें। आज बिजनेस में इनकम बढ़ाने के लिए किए प्रयोग फायदेमंद होंगे।

तुला आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्त्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है। अच्छे रिजल्ट के लिए किसी का मार्ग दर्शन अवश्य लें। आज कारोबार में ऑर्डर पूरा करते समय टारगेट का ध्यान रखें। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। अपनी चीजों को संभालकर रखें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है।

धनु आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्ति गत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्ति गत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी तरह की बहस में उलझे। सरकारी नौकरी में कार्यभार की अधिकता के कारण आपको ओवरटाइम भी करना पड़ेगा।

मकर आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूप-रेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्ति गत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। आज आप कुछ समय एकांत, ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे। आज कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी

कुंभ आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। सामाज संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना जरूरी है।

मीन आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा, जिससे आप अपने जरूरत का सामान खरीदेंगे। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा ना करें। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी और कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

पेच पड़ गए हैं

खबरों में बताया गया है कि अमेरिका भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स आपूर्ति तब तक नहीं करेगा, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।

अमेरिका ने भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स की सप्लाई रोक दी है। बताया गया है कि यह आपूर्ति तब तक नहीं होगी, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह खबर एक वेबसाइट ने दी कि अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों ने ड्रोन करार की मंजूरी रोक रखी है। इस बारे में जब मीडियाकर्मियों ने संपर्क किया, तो नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कूटनीतिक भाषा में जवाब दिया कि जो बाइडेन प्रशासन कांग्रेस के साथ इस बारे में कांग्रेस से संवाद कायम रखे हुए है। तीन बिलियन डॉलर का यह ड्रोन करार पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित वॉशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था। आलोचकों ने तब कहा था कि इन ड्रोन्स से अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति को बल मिलेगा, जिसकी कीमत भारत चुका रहा है। बहरहाल, मुद्दे की बात यह है कि जिस ड्रोन सौदे को खुद अमेरिका के लिए फायदेमंद समझा गया, अमेरिकी कांग्रेस ने उसे अब तक हरी झंडी नहीं दी है। यह संकेत है कि अमेरिका में पन्नू मामले को कितनी गंभीरता से लिया गया है।

अमेरिका में पन्नू की हत्या की कथित कोशिश से पहले एक अन्य खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या का विवाद सामने आया था। जब कनाडा ने निज्जर हत्याकांड में भारत के हाथ का आरोप लगाया, तो भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दिखाई थी। मगर पन्नू के मामले में भारत ने जांच का एलान किया। बल्कि संभवतः अमेरिकी दबाव के कारण ही निज्जर मामले में भी भारत ने अपना रुख नरम किया। पिछले हफ्ते कनाडा की निर्वतमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी थॉमस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अब भारत निज्जर हत्याकांड की जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। भारत ने इन दोनों मामलों में अपनी कोई भूमिका होने से साफ इनकार किया है। इसके बावजूद अमेरिका संतुष्ट नहीं है। संभवतः वह भारत में पन्नू मामले की चल रही जांच की प्रगति से भी संतुष्ट नहीं है। इस कारण एक महत्त्वपूर्ण करार में रुकावट डाल दी गई है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।

नगर निगम के लिए भी नैतिकता तार-तार!

चंडीगढ़ नगर निगम के चुनाव में भाजपा ने जो किया वह राजनीति और संविधान दोनों की मर्यादा को तार तार करने वाला था। चंडीगढ़ में भाजपा का सात साल से मेयर था। तभी लाख टके का सवाल है कि आठवें साल भी भाजपा का ही मेयर बने, ऐसा क्यों जरूरी था? क्या 36 निर्वाचित और नौ मनोनीत सदस्यों वाले नगर निगम में भाजपा का मेयर नहीं बनता तो कोई आफत आ रही थी? सोचें, चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश है और केंद्र की ओर से नियुक्त प्रशासक के हाथ में वहां का प्रशासन है। सो सोचे, स्पष्ट रूप से केंद्र का शासन जिस प्रदेश में हो वहां छोटे से नगर निगम पर भी कब्जा करना किस मानसिकता का प्रतीक माना जाए? दिल्ली नगर निगम के चुनाव में हार जाने के बाद भी भाजपा ने कितनी तरह के उपाय किए थे कि आम आदमी पार्टी का मेयर नहीं बन पाए वह सबने देखा था। भाजपा ने एल्डरमैन नियुक्त कर दिए, उनको वोट देने का अधिकार दे दिया और प्रयास किया कि उसका मेयर बन जाए। कई बार मेयर का चुनाव इस वजह से टला और फिर अदालत के दखल देने के बाद एल्डरमैन चुनाव से बाहर रखे गए और आप का मेयर चुना गया। राजधानी दिल्ली में नगर निगम पर 10 साल भाजपा का नियंत्रण था। तभी वह हार के बाद भी निगम छोड़ना नहीं चाहती थी। जबकि दिल्ली में भी उप राज्यपाल के जरिए केंद्र का ही शासन चलता है।

फिर भी यह बात समझ में आती है कि दिल्ली नगर निगम बहुत बड़ा है। राजधानी है और इसका बजट भी बड़ा है। लेकिन चंडीगढ़ तो इतना छोटा शहर है, जहां दो राज्यों की राजधानी है और केंद्र का शासन है। फिर वहां के नगर निगम के लिए इतनी धांधली की क्या जरुरत थी? 36 सदस्यों के नगर निगम में भाजपा के 14, आम आदमी पार्टी के 13, कांग्रेस के सात और अकाली दल का एक सदस्य हैं। एक पदेन सदस्य चंडीगढ़ का सांसद होता है, जो कि भाजपा की किरण खेर हैं। सो, किरण खेर सहित भाजपा के 15 पार्षद थे, जबकि दूसरी ओर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के 20 पार्षद थे। पिछले चुनाव के बाद से दो बार मेयर के चुनाव हुए थे, जब कांग्रेस ने उसमें हिस्सा नहीं लिया था तो भाजपा जीत गई थी। लेकिन इस बार आप और कांग्रेस ने तालमेल कर लिया तो उनकी जीत पक्की होनी थी।

लेकिन किसी हाल में अपना कब्जा बनाए रखने की सोच में भाजपा ने पहले तो अचानक चुनाव टलवा दिया। प्रशासन की ओर से चुनाव के दिन यानी 18 जनवरी को अचानक कह दिया गया कि चुनाव छह फरवरी को होगा। लेकिन कांग्रेस और आप हाई कोर्ट गए, जहां अदालत ने हर हाल में 30 जनवरी तक चुनाव कराने को कहा। जब चुनाव टालने और पार्षदों को तोड़ने का दांव नहीं चला तो भाजपा के नेता रहे अनिल मसीह को 30 जनवरी के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया। उनके सामने 36 सदस्यों ने वोट डाले और वे सबके वोट निकाल कर गिनने लगेऔर भाजपा को 16 और आप के उम्मीदवार को 20 वोट मिले। लेकिन उन्होंने आप और कांग्रेस के आठ वोट अवैध कर दिए। फिर चार वोट से भाजपा की जीत घोषित कर दी। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे बैलेट पेपर पर पेन चलाते दिख रहे हैं।

एक छोटे से नगर निगम के चुनाव को जीतने के लिए भाजपा ने संवैधानिक और राजनीतिक दोनों मर्यादा ताक पर रख दी। सबको दिख रहा है कि विपक्ष के वोट गलत तरीके से अवैध करके भाजपा जीती है। फिर भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा को जीत की बधाई दी। जिस पार्टी के पास देश की सत्ता है। जिस पार्टी की 17 राज्यों में अपनी या सहयोगी पार्टी के जरिए सरकार है। जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है। वह पार्टी 36 सदस्यों के छोटे से नगर निगम का चुनाव जीतने के क्या इतनी बड़ी धांधली कर सकती है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भाजपा के लिए इतनी बड़ी चिंता का कारण बन गया है कि उसने दोनों को नगर निगम का चुनाव भी नहीं जीतने देने की कसम खा ली।

कुश्ती चित होने के कगार पर

राजेन्द्र सजवान

पिछले एक साल से भारतीय कुश्ती चित होने की कगार पर खड़ी है। फेडरेशन अध्यक्ष ब्रज भूषण शरण सिंह पर लगे यौन शौषण के आरोपों और तमाम उठा पटक के बाद भी हालात सुधारे नहीं सुधर पा रहे। हालांकि फेडरेशन के चुनाव हो गए हैं लेकिन अब चुने गए पदाधिकारियों और खेल मंत्रालय के बीच तनातनी चल रही है। अनुराग ठाकुर और संजय सिंह नाम के दो पहलवान ताल ठोक कर एक दूसरे को चुनौती देने उतर चुके हैं। अर्थात कुश्ती पर धोबी पछाड़ का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया लेकिन विवाद है की बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कुश्ती में असमंजस का माहौल बना हुआ है। इसमें दो राय नहीं कि महिला पहलवानों के आक्रोश और धरना प्रदर्शन के बाद से बालिकाओं के अखाड़े प्रभावित हुए हैं तो दूसरी तरफ प्रमुख अखाड़ों में भी पहले सा उत्साह देखने को नहीं मिलता। दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, यूपी आदि प्रदेशों के छोटे बड़े अखाड़े यथावत चल रहे हैं लेकिन पहलवानों और गुरु खलीफाओं में एक अलग प्रकार का डर समा गया है। कुछ अखाड़ों के कोच और पहलवान कह रहे हैं कि भले ही कुश्ती फेडरेशन के बड़े लड़ते भिड़ते रहें लेकिन कुश्ती पर कोई असर नहीं पड़नेवाला। दूसरी तरफ एक वर्ग है जिसे महिला कुश्ती का भविष्य खतरे में नजर आता है। कारण, देश की चैंपियन महिला पहलवानों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर विलाप और विरोध प्रदर्शन गंभीर विषय माना जा रहा है। एक सर्वे से पता चला है कि कुश्ती की लोकप्रियता का ग्राफ गिर रहा है। बहुत से माता पिता अपने बच्चों को अन्य खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बेशक, कुछ अखाड़ों पर विवाद का असर साफ नजर आ रहा है। महिला पहलवानों की संख्या घटी है। लेकिन सकारात्मक सोच रखने वाले गुरु खलीफा बदलाव को क्षणिक मानते हैं। उनके अनुसार कुश्ती की लोकप्रियता पर कभी विराम नहीं लग सकता। अधिकांश कुश्ती पंडितों की राय में खेल मंत्रालय, कुश्ती फेडरेशन और आईओए को यह नहीं भूलना चाहिए कि घर की लड़ाई में कुश्ती पर संकट गहरा सकता है और जल्दी ही कोई हल नहीं निकला तो विश्व कुश्ती संस्था भारतीय फेडरेशन पर प्रतिबंध भी लगा सकती है। बेहतर होगा फेडरेशन अध्यक्ष संजय सिंह खेल मंत्री को चैलेंज न करें।

ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट तीसरे वनडे से बाहर

कैनबरा। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह बेन मैकडरमॉट को शामिल किया गया है। रविवार को मैथ्यू शॉर्ट को वेस्टइंडीज पर ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट का सामना करना पड़ा था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आने के बाद उन्होंने बल्ले से 55 गेंदों पर 41 रन बनाए, लेकिन चोट के कारण वह फील्डिंग करने नहीं उतरे। बेन मैकडरमॉट ने शनिवार को तस्मानिया के खिलाफ चल रहे शेफील्ड शील्ड मैच में क्वींसलैंड के लिए नाबाद 146 रन बनाए। अब वह सोमवार को कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम के साथ जुड़ने के लिए मैच से हट गए हैं, और यह मैच मंगलवार को मनुका ओवल में खेला जाएगा।

2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से बेन मैकडरमॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 टी20 और छह वनडे मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आखिरी वनडे मैच मार्च-अप्रैल 2022 में पाकिस्तान दौरे पर आया था। जहां उन्होंने लाहौर में प्रारूप में अपना एकमात्र शतक बनाया था।

यह देखना बाकी है कि मैथ्यू शॉर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ 9, 11 और 13 फरवरी को होने वाले आगामी टी20 मैचों के लिए फिट होंगे या नहीं।

प्रतियोगिता में 541 रन बनाने के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल सेट-अप में अपना स्थान अर्जित किया।

तीसरे मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम- स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, जेक फेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड (उप-कप्तान), जोश इंगलिश, मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, बेन मैक्डरमॉट, विल सदरलैंड, एडम ज़म्पा।

16 स्टेडियम, 104 मैच; न्यू जर्सी होस्ट करेगा फीफा वर्ल्ड कप फाइनल

नई दिल्ली। विश्व फुटबॉल की शासी निकाय फीफा ने शोपीस इवेंट के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में 19 जुलाई, 2026 को फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

फुटबॉल फैंस के लिए फीफा वर्ल्ड कप का क्रेज शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। एक बार फिर इस मेगा-इवेंट का आयोजन होने वाला है। जिसकी शुरुआत हो चुकी है। विश्व फुटबॉल की शासी निकाय फीफा ने शोपीस इवेंट के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत 11 जून 2026 को होगी। ओपनिंग सेरिमनी मैक्सिको सिटी के एजटेका स्टेडियम में पहले मैच के साथ होगी। वहीं, फाइनल मुकाबला न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में 19 जुलाई को खेला जाएगा।

16 मेजबान शहरों की 48 टीमें इस टूर्नामेंट का हिस्सा हैं। कुल 16 अत्याधुनिक स्टेडियमों में 104 मैच खेले जाएंगे। इसकी मेजबानी तीन देशों -अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको द्वारा की जा रही है।

फीफा के बयान में बताया गया है, प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क न्यू जर्सी वेन्यू को शोपीस फिक्स्चर की मेजबानी के सम्मान से सम्मानित किया गया, जो अब तक के सबसे खास फीफा टूर्नामेंट का समापन करेगा।

यह स्टेडियम 2010 में तैयार हुआ था। 82,500 सीटों वाले इस स्टेडियम में 2016 के फाइनल मैच सहित कई अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें कोपा वर्ल्ड भी शामिल है।

मैच शेड्यूल के मुताबिक,टूर्नामेंट के 104 मैचों में से 103 मैचों के लिए टीमों को तीन दिनों का आराम दिया जाए। टीमों और प्रशंसकों के लिए यात्रा को कम करने के लिए अधिकांश मैच तीन क्षेत्रों (पूर्व, मध्य और पश्चिम) में खेले जाएंगे।

फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, अब तक का सबसे समावेशी और प्रभावशाली फीफा विश्व कप अब एक सपना नहीं बल्कि एक वास्तविकता है जो कनाडा, मैक्सिको और पूरे 16 अत्याधुनिक स्टेडियमों में 104 मैचों के रूप में आकार लेगा।

मैं फीफा विश्व कप के आयोजन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए हमारे तीन मेजबान देशों और 16 मेजबान शहरों को धन्यवाद देना चाहता हूं। जो न केवल नए रिकॉर्ड स्थापित करेगा बल्कि एक यादगार विरासत भी छोड़ेगा।

मैच पेयरिंग और किक-ऑफ समय की पुष्टि फीफा विश्व कप 26 के लिए अंतिम ड्रा के बाद की जाएगी, जो 2025 के अंत में होने की उम्मीद है।

पांच महीने बाद एक्शन में वापसी कर चीन ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराया

महिला एफआईएच प्रो लीग

भुवनेश्वर। यहां के कलिंगा स्टेडियम में रविवार को पूर्व ओलंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने पांच महीने के ब्रेक के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक वापसी की। महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन 2023-24 के दूसरे दिन वह चीन से 3-0 से हार गई।

चीन, जिसने शनिवार को अपने पहले मैच में मेजबान भारत को हराया था, को मैचों के बीच थोड़ा बदलाव करना पड़ा और ऑस्ट्रेलिया को हराने से पहले उसे कुछ शुरुआती दबाव झेलना पड़ा।

युआन मेंग ने मैच के दूसरे हाफ में तीसरा गोल करते हुए दो गोल किए, जिससे चीन ने भुवनेश्वर में लगातार दूसरा मैच जीता।

पहला क्वार्टर धीमी गति से खेला गया, जिसमें हॉकीरूज़ ने अधिक आक्रमण किया और हांग्जो एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चीन ने ब्रेक पर उन्हें पकड़ने की कोशिश की। चीनियों ने दूसरे क्वार्टर में तेजी पकड़ी और कुछ पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन जोसलीन बार्टाम ने ऑस्ट्रेलिया के लिए गोल किया और हाफ टाइम तक भी कोई स्कोर नहीं बना।

तीसरे क्वार्टर में यू अनहुई ने अच्छे टर्न और सटीक प्रहार से डिफेंस को छकाते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने वापसी के लिए संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वे अस्वाभाविक रूप से गलत और सुस्त दिखीं और चौथे क्वार्टर में अंतिम फैसला चीन की मेंग का था, जिन्होंने सर्कल के शीर्ष पर मौजूद सभी निशानों को पार कर लिया और बिना किसी चुनौती के अपना दूसरा गोल दागा।

करुण नायर ने लगाया अपने प्रथम श्रेणी करियर का 17वां शतक

रणजी ट्रॉफी 2023-24

नई दिल्ली। इस समय खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी में विदर्भ क्रिकेट टीम के करुण नायर ने राजस्थान क्रिकेट टीम के खिलाफ शतक (112) लगाया है। यह मौजूदा संस्करण में उनके बल्ले से निकलने वाली पहली शतकीय पारी है।इस अनुभवी बल्लेबाज ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 17वां शतक लगाया है।अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने अक्षय वाडेकर के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की।

राजस्थान की पहली पारी के 432 रन के जवाब में विदर्भ ने जब 72 रन के स्कोर पर अपना दूसरा खोया, तब नायर क्रीज पर आए।उन्होंने यश राठौड़ (81) के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन जोड़े और अपनी टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया।नायर ने क्रीज पर टिकने के बावजूद आकर्षक शॉट लगाए और अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। वह 12 चौकों की मदद से 112 रन बनाकर आउट हुए।

नायर ने 2012 में कर्नाटक क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू किया और एक साल के अंदर ही वह तीनों प्रारूप में टीम का हिस्सा बन गए थे।उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में लगभग 50 की औसत से 6,418 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 328 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 17 शतक और 28 अर्धशतक अपने नाम किए हैं।यह पहला संस्करण है, जिसमें वह विदर्भ की टीम से खेल रहे हैं।

टीम इंडिया ने 106 रनों से जीता दूसरा टेस्ट, इंग्लैंड को विशाखापट्टनम में चटाई धूल

सीरीज 1-1 से बराबर, बुमराह-अश्विन को 3-3 विकेट

विशाखापत्तनम। भारत ने इंग्लैंड को विशाखापट्टनम में खेले गए टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 106 रनों से हरा दिया. भारत ने पहली पारी में 396 रन और दूसरी पारी में 255 रन बनाए थे. इसके जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी में 253 रन बनाए. टीम दूसरी पारी में 292 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस तरह भारत ने मैच जीत लिया. टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है.

भारत के लिए पहली पारी में यशस्वी जयसवाल ने दोहरा शतक लगाया. उन्होंने 396 रन बनाए. वहीं दूसरी पारी में शुभमन गिल ने शतक लगाया. गिल ने 104 रन बनाए. इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैक क्रॉली ने सर्वाधिक 76 रन बनाए. वहीं दूसरी पारी में क्रॉली ने 73 रन बनाए.

टीम इंडिया के लिए बॉलिंग में जसप्रीत बुमराह ने कमाल दिखाया. उन्होंने मैच में 9 विकेट झटके. बुमराह ने पहली पारी में 6 विकेट और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए. वहीं कुलदीप ने कुल 4 विकेट लिए. रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए. इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन, रेहान अहमद और शोएब बशीर ने पहली पारी में तीन-तीन विकेट लिए. वहीं दूसरी पारी में टॉम हार्टली ने 4 विकेट लिए. रेहान ने 3 विकेट लिए. एंडरसन को 2 विकेट मिले.

सुस्त हुई शेयर बाजार की शुरुआत, सेंसेक्स 72000 के आसपास

मुंबई। एशियाई बाजार में गिरावट के बीच आज यानी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की धीमी शुरुआत हुई है। बीएसई सेंसेक्स फ्लैटलाइन से 16 अंक नीचे 72,069 पर कारोबार करता दिखा और एनएसई निफ्टी 50 भी 21,860 पर ट्रेड करता दिखा।

सन फार्मा, टाटा स्टील और एमएंडएम आज टॉप गेनर्स रहे। दूसरी ओर, बेंचमार्क इंडेक्स पर आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, कोटक बैंक, रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और इंडसइंड को नुकसान हुआ।

व्यापक बाज़ार में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.37 फीसदी तक की बढ़त रही। ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेतों के बीच आज यानी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की धीमी शुरुआत होने की संभावना है। बाजार के प्रमुख इंडेक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

सुबह 8:30 के करीब, गिफ्ट निफ्टी 21,900 के आसपास कारोबार करता दिख रहा है।

गुरुवार को आरबीआई का नीतिगत परिणाम इस सप्ताह का प्रमुख आर्थिक इवेंट रहेगा। वहीं, आज, एसबीआई की तीसरी तिमाही के हाल ही में जारी हुए नतीजे से बाजार की दिशा तय होगी।

बैंक का नेट प्रॉफिट वित्तीय वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही यानी कि तीसरी तिमाही में 35 प्रतिशत गिरकर 9,164 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था।

इसके अलावा, आज पेटीएम के शेयर भी फोकस में रहेंगे।

आज सुबह एशियाई बाजारों में गिरावट आई क्योंकि फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल ने एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्रीय बैंक इस साल दर में कटौती की दिशा में बाजार की उम्मीद से धीमी गति से कदम उठाएगा।

हैंग सेंग, एएसएक्स 200 और कोस्पी 0.55-2 फीसदी गिरे। वहीं, केवल निक्केई 0.3 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली।

अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को एसएंडपी 500 में 1.1 फीसदी, डॉव में 0.4 फीसदी और नैस्डैक में 1.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

रुपया में 4 पैसे की गिरावट के साथ 83.02 प्रति डॉलर पर

मुंबई। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर आ गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों से सकारात्मक संकेत और विदेशी कोषों के प्रवाह ने भारतीय मुद्रा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि निवेशक इस सप्ताहांत में घोषित होने वाले भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति निर्णय पर भी नजर रखेंगे।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.04 प्रति डॉलर पर फिसल गया। इसके बाद मामूली बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.98 पर बंद हुआ था।

इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.89 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.62 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 70.69 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

चांदी के भाव 71 हजार से नीचे, सोना के भी गिरे दाम

नईदिल्ली। इस सप्ताह के पहले दिन सोने चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 62,450 रुपये और चांदी के 70,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। लेकिन बाद में इनकी कीमतों में गिरावट देखी जाने लगी

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 69 रुपये की गिरावट के साथ 62,493 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 119 रुपये की गिरावट के साथ 62,443 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 62,493 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 62,400 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्ती के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 432 रुपये की गिरावट के साथ 70,776 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 279 रुपये की गिरावट के साथ 70,929 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 70,950 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 70,776 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इनके भाव में सुस्ती देखी जाने लगी। कॉमेक्स पर सोना 2,057.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,053.70 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 6.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,047.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 22.84 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 22.79 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.16 डॉलर की गिरावट के साथ 22.63 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

हाईस्कूल कक्षा 10वीं की शांति पूर्ण हुई सम्पन

डीईओ,बीईओ,बीआरसी, तहसीलदार ने परीक्षा केन्दों का किया निरीक्षण
हाईस्कूल परीक्षा में 3031 में से 2972 ने दी परीक्षा 59 रहे अनुपस्थिति

कैलारस। बीईओ देवेंद्र हरदेनिया जानकरी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं हुई शांति पूर्ण संम्पन हाईस्कूल परीक्षा में 3031 में से 2972 ने दी परीक्षा 59 रहे अनुपस्थिति डीईओ ऐ के पाठक,बीईओ देवेंद्र हरदेनिया बीआरसी अनिल त्रवेदी तहसीलदार विश्राम सिंह बघेल ने किया हाईस्कूल परीक्षा केन्दों का निरीक्षण 5 फरवरी 2024 से 28 फरबरी तक होगी परीक्षा बही कैलारस ब्लॉक शिक्षा केंद के अंतरगत हाईस्कूल स्कूल के हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई परीक्षा में नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों 7 परीक्षा केन्दों पर परीक्षा दी बही परीक्षा केन्दों के निरीक्षण के दौरान डीईओ ए के पाठक ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग दुबारा आयोजि परीक्षा शांति पूर्ण चल रही हैं आज मेरे दुबारा कैलारस ब्लॉक शिक्षा केंद के अंतरगत परीक्षा केन्दों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण को दौरान उन्होंने सभी केंदा अध्यक्षो के निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा मध्यप्रदेश प्रदेश शासन शिक्षा विभाग के नियमो का पालन करे केन्द्रा अध्यक्ष आने कक्ष में पेयर नही खोलेंगे सभी केंदाअध्यक्ष कलेक्टर प्रतिनिधि के समक्ष पेपरों के कार्टूनों के लिफाफो को 8.30 पर काटेंगे ओर परीक्षा कक्षो में पर्वेक्षको वितरण करेगे पर्वेक्षक 8.45 पर पेपर काटेंगे ओर 8. 55 बजे छात्र छात्राओं को वितरण करेगे जिससे की परीक्षा की गोपनीयता भंग ना हो बही परीक्षा केंद्र में केन्द्राअध्यक्ष, सहायक केंदाअध्यक्ष,एव पर्वेक्षक मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्र में लेकर नही जा सकगे एव सभी परीक्षा केंद्र पर शांति पूर्ण परीक्षा चल रही हैं बही तहसीलदार विश्राम सिंह वघेल, बीईओ देवेंद्र हरदेनिया,बीआरसी अनिल त्रवेदी, ने बताया कि सभी परीक्षा केन्दों पर शांति पूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई हमारे दुबारा अलग अलग दल बनाकर परीक्षा केन्दों का निरीक्षण किया जा रहा हैं बही परीक्षाओ में पुलिस का भी सराहनीय संयोग मिल रहा हैं।

सामुदायिक स्वाथ्य केंद कैलारस में लगाया गया चर्म रोग निदान शिविर

कैलारस। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कैलारस डॉ एस आर मिश्रा के मार्गदर्शन में समुदायिक स्वाथ्य केंद कैलारस में कुष्ठ पखवाड़े के अंतर्गत कुष्ठ रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया शिविर में उपस्थित कुष्ठ सम्भावित रोगियों का डॉ0 मनीषा शर्मा, डॉ चंद्रकांत (M.O) स्वास्थय परीक्षण किया गया। इन लोग का कुष्ठ रोग - के प्रति जागरूक किया गया बही डॉ एस आर मिश्रा, डॉ मनीष शर्मा, चंद्रकांत दुबे ने कहा कि कहा कि कुष्ठ रोग को समय रहते पहचान कर ली जाए जाये तो इसका इलाज संम्भव है इसलिये अपनी त्वचा पर हल्का तामिया कलर के दाग दिखें जिसे छूने पर कुछ भी हमे अपने नजदीकी सरकारी स्वाथ्य केंद में में जा कर जांच करानी चाहिये इस अवसर पर अशोक कुमार,कमलेश श्रीवास्तव AMA जाय ने भी संभावित कुष्ठ रोगियों को कुष रोग के लक्षणों पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान 1 नया कुष्ठरोगी भी खोजा गया व MDI उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें नियमित उपचार लेने की सलाह दी गयी शिविर में कई ग्रामों से 39 रोगी उपस्थित हुए पैरो में सुत्र पन रागियों को MCR सेंडल वितरित किये गये।

हाईस्कूल परीक्षा शांतिपूर्ण हुई,126 छात्र रहे अनुपस्थित

आज 2270 छात्र देंगे हासे परीक्षा

सबलगढ़। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा दिनांक 5 फरवरी से आयोजित की गई हाईस्कूल परीक्षा सबलगढ़ ब्लॉक में सात परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण हुई। एसडीएम वीरेन्द्र कटारे के निर्देशन में शासकीय सीएम राइज विद्यालय,शासकीय कन्या उमा विद्यालय,शासकीय बालक उमा विद्यालय जीनफील्ड,अशासकीय किडीज होम स्कूल,शासकीय मॉडल स्कूल,अशासकीय इंदिरा गांधी उमा विद्यालय व शासकीय उमा विद्यालय रामपुरकला इन सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा का प्रथम प्रश्नपत्र कराया गया जिसमें 3221 छात्रों में से 3095 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 126 छात्र अनुपस्थित रहे।आज उक्त परीक्षा केंद्रों पर हायरसेकेंडरी की परीक्षा होगी जिसमें 2270 परीक्षार्थी बैठेंगे।

सबलगढ़ की पांच बालिका छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित

सबलगढ़। सीएम राइज शासकीय कन्या मण्डी माध्यमिक विद्यालय की पांच छात्राएं राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति योजना (एन एम एम एस) के लिए चयनित हुई है।केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा में मदद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष उक्त परीक्षा आयोजित की जाती है।जिसका परीक्षा केन्द्र हर ब्लॉक पर रखा जाता है।इस परीक्षा में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाती है।वर्ष 2023 की परीक्षा सीएम राइज बीटीआई केंद्र पर दिनांक 24 सितम्बर को आयोजित हुई थी जिसमें करीब 500 बच्चों ने भाग लिया था।इस परीक्षा के घोषित परिणाम में पहली बार कन्या मण्डी मावि विद्यालय की छात्राओं उन्नति हाड़ा,काजल मीणा,अनुराधा खरे,चांदनी जगनेरिया व राधिका जादौन का चयन हुआ है।शहर की इन प्रतिभाशाली छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 20 हजार रुपए छात्रवृत्ति सरकार से मिलेगी।इन छात्राओं के चयन होने पर विद्यालय के प्रधान अध्यापक विक्रमसिंह रावत सहित विद्यालय परिवार द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

बोर्ड परीक्षा : 24013 परीक्षार्थियों ने हल किए 10वीं का हिन्दी का प्रश्नपत्र, 759 रहे गैरहाजिर

68 केन्द्रों पर हुई परीक्षा, प्रशासनिक व विभागीय उडऩदस्ते रहे तैनात

शिवपुरी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं का आगाज सोमवार को 10 वी के हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र के आयोजन के साथ हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक गठित किए गए 68 परीक्षा केन्द्रों पर 10 वी के हिन्दी विषय की परीक्षा में 24 हजार 13 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे जबकि 759 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इस परीक्षा में कुल 24 हजार 772 परीक्षार्थी नामांकित थे। परीक्षा के पहले ही दिन शिक्षा विभागीय व प्रशासनिक उडऩदस्तों ने विभिन्न केन्द्रों का जायजा लिया, हालांकि सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रही और कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

शिवपुरी में सबसे ज्यादा 164 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड ने बताया कि सोमवार को परीक्षा के दौरान सबसे ज्यादा 164 परीक्षार्थी शिवपुरी विकासखण्ड के केन्द्रों पर गैरहाजिर रहे जबकि पिछोर में 150, करैरा में 116, पोहरी में 91, कोलारस में 88, नरवर में 63, बदरवास में 48 व खनियांधाना में 39 परीक्षार्थियों सहित कुल 759 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। मंगलवार को 12 वी का पहला प्रश्नपत्र हिन्दी विषय का आयोजित होगा।

इनका कहना है

सोमवार को 10 वी के हिन्दी विषय की परीक्षा सभी 68 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। विभिन्न उडऩदस्तों ने परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है। मोबाइल ऐप के जरिए ऑनलाईन ट्रेकिंग भी की गई।

समर सिंह राठौड़
जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी

आईटी सेल ने की ऑनलाईन ट्रेकिंग

इस बार बोर्ड ने प्रत्येक केन्द्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि भी नियुक्त किए हैं। जिनके द्वारा थाने से प्रश्नपत्र निकालने से लेकर केन्द्र तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन ऐप के माध्यम से ट्रेक की जा रही है। इसके लिए जिला स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य मुकेश मेहता के नेतृत्व में गठित आईटी सेल के कंट्रोल रूम से सोमवार को सभी 68 केन्द्रों की ट्रेकिंग की गई। इस दौरान ऑनलाईन जानकारी संकलित भी गई। हालांकि पहले दिन एक-दो केन्द्रों पर ऐप में तकनीकी दिक्कत आई, लेकिन समय रहते से दुरुस्त कर लिया गया।

30 अप्रैल तक अत्याधिक सेवा घोषित, ड्यूटी से इनकार पर मिलेगा दण्ड

इधर माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बोर्ड परीक्षाओं व मूल्यांकन कार्य से जुड़े कर्मचारियों व शिक्षकों की सेवाएं अत्यावश्यक सेवाएं घोषित कर दी हैं। 30 अप्रैल तक के लिए इन सेवाओं को अत्यावश्यक मानते हुए निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के कर्तव्य को इनकार करने पर दण्डित किया जाएगा। इसके अलावा परीक्षाओं में प्रायोगिक परीक्षा, मूल्यांकन कार्य में लगे कर्मचारी को यदि कोई अधिकारी कार्यमुक्त नहीं करता है तो संबंधित अधिकारी को भी दण्डित किया जाएगा।

नवाचार- स्वागत होर्डिंग से परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं

परीक्षा के पहले ही दिन जहां परीक्षार्थियों में उत्साह नजर आया तो वहीं कई परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्षों ने परीक्षार्थियों का स्वागत अनोखे अंदाज में किया। शहर के उत्कृष्ट उमावि परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष संजीव पुरोहित व उनकी टीम ने मुख्य द्वार पर एक आकर्षक होर्डिंग लगाया जिस पर बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना का संदेश अंकित था, साथ ही इसमें मोबाइल व अन्य वर्जित सामग्री न ले जाने के निर्देश भी लिखे गए थे। इस तरह के नवाचार केन्द्र पर आकर्षण का केन्द्र रहे।

डीईओ ने कोलारस तो डीपीसी ने पोहरी में परखी परीक्षा

सोमवार को विभागीय उडऩदस्ते जिले के विभिन्न केन्द्रों पर पहुंचे और परीक्षा का जायजा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी समरसिंह राठौड़ ने अपने दल के साथ शहर के कन्या उमावि आदर्श नगर सहित कोलारस के मॉडल उमावि, कन्या उमावि, सीएम राइज स्कूल सहित अशासकीय सरस्वती ज्ञान मंदिर केन्द्र का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जबकि डीपीसी विवेक श्रीवास्तव ने पोहरी के कन्या उमावि केन्द्र पर पूरे समय रुककर परीक्षा पर निगरानी रखी, वहीं क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे की टीम ने नरवर के कन्या उमावि, उत्कृष्ट उमावि, उमावि मगरौनी, सिकंदरपुर नरवर सहित सिद्धीविनायक महाविद्यालय नारायणपुर केन्द्र का निरीक्षण किया। इधर शिवपुरी बीईओ मनोज निगम ने शहर के सीएम राइज हैप्पीडेज, आईपीएस व तात्याटोपे फिजीकल स्कूल केन्द्र का निरीक्षण किया। इनके अलावा प्रशासनिक उडऩदस्तों में शामिल एसडीएम व तहसीलदारों ने अपने अनुविभाग अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

छोटी घुरवार में प्राथमिक विद्यालय का भवन रात्रि में हुआ धराशायी, बड़ा हादसा टला

शिवपुरी। बदरवास ब्लॉक के छोटी घुरवार गांव के प्राथमिक विद्यालय का भवन धराशाई हो गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि अगर यह विद्यालय का भवन दिन के समय धरासाई होता तो बड़ी घटना भी घटित हो सकती है।

जानकारी के अनुसार आज छोटी घुरवार में प्राथमिक स्कूल के शिक्षक स्कूल के समय 10 बजे पढ़ाने पहुंचे थे लेकिन उन्हें भवन धरासाई मिला। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य राजभान सिंह यादव ने बताया कि सुबह विद्यालय का भवन धरासाई मिला। प्रभारी प्राचार्य बताया कि उक्त भवन 35 वर्ष पुराना था। जिसमें एक हॉल और दो कमरे थे। भवन जर्जर होने की बजह से बच्चों की कक्षाएं लगाना बंद कर दिया था। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि पिछले कुछ सालों से धरासाई हुए भवन के सामने एक कक्ष में कक्षाएं लगाते हुए आ रहे हैं इसी कक्ष में विद्यालय से संबंधित दस्तावेज रखे गए हैं।

प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि वर्ष 2011 में पंचायत की ओर से भी विद्यालय के लिए एक ओर भवन बनवाया गया था। वह भी जर्जर हाल में हैं। धरासाई हुए भवन और पंचायत भवन के मेंटिनेंस के कार्य से संबंधित पत्र विभाग को लिखे गए लेकिन कोई जबाव नहीं आया था। इस विद्यालय में 64 बच्चे दर्ज है। जिन्हें विद्यालय में बचे एक कमरे में कुल तीन शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जा रहा है। इस गांव में बच्चों की कक्षाएं विद्यालय के एक मात्र कमरे सहित गैलरी और पास बने मंदिर के टीनशेड में सालों से लगती हुई आ रहीं है। इसके बावजूद विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। गनीमत रही की विद्यालय का भवन रात में धराशाई हुआ। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

आंधी और बारिश बनी किसानों के लिए मुसीबत, खेतों में फसलें हुईं खराब

शिवपुरी। रन्नौद तहसील में रविवार रात आंधी-बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। तेज आंधी के साथ हुई तेज बारिश ने खेतों में खड़ी धनिया और मसूर की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। अकाझिरी गांव में किसानों ने फसलों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए वीडियो जारी कर प्रशासन से खेतों में हुई खराब फसल का मौका मुआयना कर मुआवजे की मांग है। रविवार रात 8 बजे के बाद अचानक से मौसम बिगड़ गया। शहर सहित अंचल में तेज बारिश हुई थी। अकाझिरी गांव के रहने वाले रघुराज कुशवाह ने वीडियो जारी कर बारिश और आंधी से बरबाद हुई घनिया की फसल को दिखाते हुए प्रशासन से मुआवजे की मांग है। वहीं अकाझिरी गांव के रहने वाले केशव गुप्ता ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे से तेज आंधी के साथ तेज बारिश हुई थी। इससे उनके 4 बीघा खेत में खड़ी धनिया का फूल झड़ गया। इसी प्रकार गांव के अन्य किसानों के खेतों में खड़ी घनिया और मसूर की फसल बर्बाद हो गई है।

दुकान पर शक्कर लेने गई मासूम की ट्रक की टक्कर से मौत

शिवपुरी। पोहरी थाना क्षेत्र के पोहरी-बैराड़ रोड़ एलएसीजी कॉलेज के सामने आज सोमवार की सुबह एक ट्रक ने 8 साल की मासूम को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक जप्त कर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। 8 साल प्राची जाटव पुत्री अतर सिंह जाटव अपनी 4 साल की छोटी बहन के साथ दुकान पर चाय बनाने के लिए शक्कर लेने दुकान पर गई थी यहां से वह बापस लौटी तो रास्ते में उसे एक कुत्ते का बच्चा दिखा जिसे उठाने के लिए वह सड़क पर आ गई तभी शिवपुरी की ओर से कोटा स्टोन से भरा एक ट्रक वहां आ गया और मासूम को रौंदते हुए आगे निकल गया। इस दुर्घटना में मासूम की मौके पर मौत हो गई पुलिस ने घटना के बाद ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 0597 को जप्त कर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

पति ने पत्नी को दी नहाकर खाना बनाने को कहा तो ससुराल में सालों ने पीटा

पिटाई से आहत युवक ने जहर खाकर सुसाइड का प्रयास किया

शिवपुरी। ससुराल गए एक युवक को अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करना और नहाकर खाना बनाने की कहना मंहगा पड़ गया। इसी बात से हुए विवाद में सालों ने अपने जीजा को पीट दिया। ससुराल में मारपीट के दुखी होकर युवक ने जहर खाकर सुसाइड करने का प्रयास किया। तबीयत बिगडऩे के बाद युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। करैरा कस्बे के रहने वाले युवक ने बताया कि उसकी पत्नी के दादा की मौत के बाद वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल बैरागढ़ गया था। इलाहाबाद अस्थि विसर्जन करवा कर रविवार को वह अपने सालों के साथ ससुराल वापस लौटकर आया था। युवक ने बताया कि उसने अपनी पत्नी को नहाकर खाना बनाने के साथ ही साले के साले के साथ संबंध होने की बात कह दी थी। यही बात उसने मेरे साले के साले ने अपने जीजा से कह दी थी। इसी बात को लेकर ससुराल में बहस हो गई थी। मैने अपने साले और साले के साले व पत्नी से कसम खाने की बात कह दी थी। इसी बात से नाराज होकर मेरे साले और उसके साले ने मेरी ससुराल में लाठियों से मारपीट कर दी थी। युवक ने बताया कि इसके बाद वह अपनी ससुराल में जहर खाकर अपने घर करैरा वापस आ गया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसके जीजा ने पहले करैरा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शिविर में 19 व्यापारियों को मौके पर ही मिले खाद्य सुरक्षा लाइसेंस

धौलपुर। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत राज्य आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा के निर्देशन में आज राजाखेड़ा में खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लाइसेंस पंजीकरण के साथ साथ मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वाहन द्वारा आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थों के संदर्भ में जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद्म सिंह परमार ने बताया कि व्यापार मंडल तथा किराना खांडसारी व्यापार समिति के सहयोग से लगाए गए शिविर में 19 खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए गए। शिविर में आए हुए व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों एवं उपबंधों की जानकारी दी गई। शिविर में आए सभी व्यापारियों को मिलेट्स, मोटे अनाज के उपयोग से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई साथ ही व्यापारियों को अंगदान संकल्प लिए जागरूक कर शपथ दिलाई गई।

सुजवाया गांव में दो बाइकों की भिडंत, एक की मौत

पत्थर पर पटककर मारने के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

शिवपुरी। जिले के देहात थाना पर रविवार को सुजवाया गांव का रहने एक गुर्जर परिवार शव लेकर पहुंचा और गांव के दूसरे गुर्जर परिवार पर पत्थर पटककर मारने के आरोप लगाते हुए हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की। गौरतलब है कि सुजवाया गांव में 23 जनवरी को दो बाइकों की भिड़त में दोनों बाइक चालक घायल हो गए थे। इस एक्सीडेंट में एक ही गांव के दोनों बाइक चालाक राम नाथ गुर्जर (50) और अमर सिंह (50) घायल हुए थे। 24 जनवरी को अमर सिंह को ग्वालियर रेफर कर दिया था। जहां आज अमर सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का ग्वालियर में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर देहात थाना पहुंच गए थे।

मृतक के भतीजे ने बताया कि उनका गांव के रामनाथ गुर्जर से जमीनीं विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के चलते 23 जनवरी को उसके चाचा अमर सिंह की बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया था। इसके बाद रामनाथ गुर्जर, श्री निवास गुर्जर और राम निवास गुर्जर में पत्थर पटक दिए। जिससे उसके चाचा की मौत हो गई। इसी की शिकायत और आरोपियों पर हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग को लेकर देहात थाना शव लेकर पहुंचे हैं। इस मामले में देहात थाना प्रभारी विकास यादव का कहना है शुरुवाती विवेचना में दो बाइकों की भिड़ंत का मामला दर्ज किया गया था। अमर सिंह की इस मामले में मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएगा उसी हिसाब से धाराओं में इजाफा किया जाएगा।

पत्नी से हुए झगड़े के बाद पति ने जहर खाकर जान दी

बेटे को भी खिलाया हालत गंभीर

शिवपुरी। खनियाधाना कस्बे में रविवार रात पत्नी से झगड़े के बाद पहले पति ने जहर खा लिया। इसके तत्काल बाद अपने बेटे को भी खिला दिया। तबीयत बिगडऩे के बाद परिजन दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन पिता ने जिला अस्पताल पहुंचते से ही दम तोड़े दिया। वहीं उसके पुत्र की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक मल्हावनी गांव का रहने वाला 40 वर्षीय रामजीलाल जाटव खनियाधाना कस्बे में अपने परिवार के साथ रहकर मजदूरी का काम करता था। रामजीलाल जाटव के एक बेटा और एक बेटी है। बेटा नवोदय विद्यालय नरवर के हॉस्टल में रहकर 9वीं कक्षा की पढ़ाई करता है। बताया गया है कि रामजीलाल जाटव शराब पीने का आदि था। उसका अपनी पत्नी के साथ आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। रविवार रात रामजीलाल जाटव का बेटा और बेटी घर पर ही थे, तभी रामजीलाल का विवाद उसकी पत्नी से हो गया था। इसके बाद रामजीलाल ने घर में रखी सल्फास खा ली और अपने बेटे को भी खिला दी। तबीयत बिगडऩे पर रात में ही पिता-पुत्र को जिला अस्पताल लाया गया। जहां रामजीलाल ने जिला अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया था। वहीं बेटे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

एक दिन पहले बेटे को स्कूल से ले आया था पिता, मां ने किया था इनकार

बताया गया है कि रामजीलाल जाटव एक दिन पहले ही अपने कक्षा 9 पढऩे वाले 15 साल के बेटे रोहित जाटव को नरवर जाकर नवोदय विद्यालय से छुट्टी कराकर अपने घर ले आया था। बताया ये भी गया है कि रोहित की मां ने स्कूल प्रबंधन को बेटे को पिता के साथ वापस घर न भेजने के लिए भी कहा था। लेकिन रामजीलाल अपने बेटे रोहित की छुट्टी कराकर घर ले आया था। इसके बाद उसने अपनी पत्नी से झगड़ा कर पहले खुद इसके बाद अपने बेटे को सल्फास खिला दिया था। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कार्रवाई को आगे बड़ा दिया है।

सुल्तानगढ़ के जंगल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

शिवपुरी। सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के फोरलेन हाइवे से करीब डेढ़ किलोमीटर भीतर सुल्तानगढ़ फॉल के रास्ते के जंगल में एक अज्ञात शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ एक चरवाहे द्वारा देखा गया था। सूचना के बाद रविवार की शाम पुलिस ने मौके पर पंहुचकर शव कब्जे में लेकर शव को जिला मुख्यालय के पोस्टमार्टम हाउस रखवाने के बाद शव की शिनाख्त शुरू कर दी है। बता दें कि मृतक के पास कोई भी सामग्री पुलिस को नहीं मिली है। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र 25-30 के लगभग की होगी। मृतक ने 36 घंटे के अंतराल में भी फांसी लगाई गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

महात्मा गांधी स्कूल विरोंदा में परिवहन विभाग द्वारा किया सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन

धौलपुर। जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला परिवहन एवम सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रिय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत विजय कुमार मीना जिला परिवहन अधिकारी के निर्देशानुसार महात्मा गांधी स्कूल विरोंधा में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच जाकर यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने हेतु सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल नीरज कुमार शर्मा ने परिवहन विभाग के अधिकारियों का स्वागत करते हुए स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी प्रदान कर हेतु कहा। इसी क्रम में हेमंत शर्मा परिवहन निरीक्षक ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में मोबाइल का एक उदाहरण देकर समझाया कि जिस प्रकार मोबाइल के लिए हर व्यक्ति उसे पर कवर लगाकर रखता है उसी प्रकार व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा के लिए बाइक चलाते समय हेलमेट का लगाना बहुत आवश्यक है।सहायक लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत उत्तमचंद गोयल ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों में रोड पर लगाए जाने वाले संकेतक चिन्हों के बारे में बात कर एक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जिसमें बच्चों से ट्रैफिक सिग्नल्स के संकेतकों के बारे में क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत जानकारी ली तथा जिन संकेतकों की बच्चों को जानकारी नहीं थी उनके बारे में विस्तृत रूप से उनके द्वारा बताया गया। देवेंद्र शर्मा ने बच्चों के बीच हेलमेट एवं सीट बेल्ट के बारे में न्यूटन के लॉ का हवाला देकर सीट बेल्ट तथा हेलमेट के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के कारण परिवार को होने वाली क्षति से किस प्रकार एक परिवार सड़क दुर्घटना का शिकार होने पर भविष्य में खत्म हो जाता है, जानकारी प्रदान की इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे

विभागीय अधिकारी अपने कार्य को प्राथमिकता दें, मुझे किसी भी सूरत में प्रकरणों की पेंडेसी न मिले : कलेक्टर

डीएसपी मुख्यालय श्री विजय भदौरिया अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण देने की बात कलेक्टर ने कही

कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक सम्पन्न

मुरैना,कासं.। प्रदेश सरकार के प्राथमिकता वाले अभियान को गति दें। विभागीय अधिकारी अपने कार्य को प्राथमिकता दें, मुझे किसी भी सूरत में प्रकरणों की पेंडेसी नहीं मिलना चाहिये। यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, आयुक्त नगर निगम श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, समस्त जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 29 फरवरी तक चलेगा। अभियान में नामान्तरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने अनुभाग स्तर पर सभी राजस्व अधिकारियों की पेंडेसी की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समाधान 24 फरवरी तक होगी, अधिकारियों के पास अभी भी दो सप्ताह का समय है, रैकिंग सुधारे। रेवन्यू की 150 शिकायतें लंबित है। उन्होंने कहा कि फूड की 499, विद्युत विभाग की 103, लेवर की 97, सिंचाई विभाग की 82, जीएडी की 77 सीएम हेल्पलाइन अभी भी लंबित है। इस प्रकार जिले में कुल 5 हजार 600 सीएम हेल्पलाइन लंबित है। इसी प्रकार आगे भी लोकसभा चुनाव आने वाले है, इस स्थिति में सीएम हेल्पलाइन का निराकरण नहीं किया तो आने वाले समय में यह शिकायतें दोगुनी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करायें, मेरे पास फोर्स क्लोज के लिये ऐसी कोई फाइल नहीं आना चाहिये, जो अधिकारी ने सटीक उत्तर न दिया हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी अधिकतर कम्प्यूटर ऑपरेटरों के सहारे सीएम हेल्पलाइन का डिस्पोजल कराते है, वे अधिकारी स्वयं सीएम हेल्पलाइन को देखे, पढ़े और तभी उसका निराकरण करायें। मुझे अगली टीएल बैठक में 80 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण वर्तमान माह की शिकायतों का चाहिये और 50 दिवस की शिकायतों को विभागीय अधिकारी एक-एक को पढ़कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करायें। कलेक्टर ने कहा कि टीएल बैठक में पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर डीएसपी हेडक्वाटर श्री विजय भदौरिया उपस्थित होते थे, आज की टीएल में क्यों नहीं उपस्थित हुये। स्पष्टीकरण शीघ्र दें।

कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा की

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि 19 हजार 716 पिछली बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि के आवेदन पोर्टल पर दिख रहे थे। जिनमें से अभी भी 603 आवेदन लंबित है, इन आवेदनों को ई-केवायसी कराकर शीघ्र उनका निराकरण करें।

पीएम जन-मन योजना की समीक्षा

कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि पीएम जन-मन योजना के तहत सहरिया परिवारों के जाति प्रमाण-पत्र 20 फरवरी तक बनाये जाने है। जिसमें अभी तक जौरा में 1 हजार 198, सबलगढ़ में 1 हजार 512, मुरैना में 9 जाति प्रमाण-पत्र के आवेदन लंबित है। उन्हें शीघ्र बनाये और लक्ष्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि श्रम विभाग के तहत अनुग्रह सहायता के आवेदन 102 लंबित है, जिनमें से 15 आधार और बैंक लिकेंज के कारण अपूर्ण दिखाये जा रहें है। इस कार्य को श्रम विभाग व नगरीय निकायों के सीएमओ प्राथमिकता से करायें। कलेक्टर ने निकायवार भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवायें, इस कार्य को विभागीय अधिकारी भी प्राथमिकता से लें। बैठक के दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार ने बताया कि पिछले दिनों 15 लाख 39 हजार 750 रूपये का राजस्व बसों का चालानी कार्यवाही कर वसूला है। जिसमें 475 बसें शामिल है। कलेक्टर ने अम्बाह बस स्टेण्ड और जौरा बस स्टेण्ड के संबंध में विस्तार से अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि पीएम जन-मन योजना के तहत उज्जवला योजना के 2 लाख 73 हजार 955 हितग्राहियों में से 15 हजार 778 लोगों को लाभ दिया है, जबकि अभी भी 4 हजार रनिंग में है, उन्हें शीघ्र स्वीकृत कर वितरण करायें। कलेक्टर ने कहा कि मौसम को ध्यान में रखते हुये किसानों के लिये एडवायजरी जारी की जाये और राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी बनाये रखें, कहीं भी किसी प्रकार की फसल क्षति की सूचना मिलती है, तो सूचना अवश्य करें। कलेक्टर ने कहा कि सरसैनी, बुधारा, नगरा-पोरसा में छात्रावास के भवन का निर्माण किया जाना है, राजस्व अधिकारी इन क्षेत्रों का मुआयना करें और शासकीय भूमि एक सप्ताह में उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी में क्षमता के अनुसार बच्चे नहीं पहुंच रहे है, इसलिये एनआरसी केन्द्र अभी भी खाली पड़े हुये है। महिला बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित करें कि जो बच्चे अभी भी कुपोषण की श्रेणी में है, उन्हें चिन्हित करके सीधे एनआरसी केन्द्र पर पहुंचाये। अगली टीएल बैठक तक क्षमता के अनुसार एनआरसी में होने चाहिये। मैं निरीक्षण करूंगा, एनआरसी केन्द्र में क्षमता के अनुसार बच्चे कम पाये गये तो संबंधित सीडीपीओ के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की

जिले में 7 लाख 34 हजार 24 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुक है। जबकि 2 लाख 84 हजार से अधिक कार्ड बनना शेष है। जिनमें 87 हजार 361 कार्ड ई-केवायसी के कारण वितरण नहीं हुये है। इस कार्य को बीएमओ और सीएचओ अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्य को प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि सातों ब्लॉको में 14 कैम्प लगाये जाये, मैं भी उन कैम्पों में पहुंचकर निरीक्षण करूंगा। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय मुरैना में अभी भी 111 टेस्ट किये जा रहे है, 8 टेस्ट कौन से है, वे मुरैना में नहीं हो रहे है। इस संबंध में सिविल सर्जन विस्तार से बतायें। उन्होंने कहा कि 530 में 417 मेडीसन उपलब्ध है, शेष मेडीसन के लिये कार्ययोजना बनाये। कलेक्टर मतदाता सूची के संबंध में विस्तार से राजस्व अधिकारियों को निर्देश भी दिये।

(मेरी कहानी-मेरी जुबानी)

आयुष्मान कार्ड बनने से श्रीमती फूलवती के कूल्हे का प्रत्यारोपण हुआ निःशुल्क

आर.एन.टुण्डेलकर

मुरैना। नगर निगम मुरैना के सुभाषनगर निवासी 60 वर्षीय श्रीमती फूलवती के कूल्हे का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से आसान हुआ है। सुभाष नगर निवासी 60 वर्षीय श्रीमती फूलवती लम्बे समय से टूटे हुये कूल्हे से परेशान थी, वह दर-दर की ठोकरे खा रही थी, कि शायद मेरे कूल्हे का ऑपरेशन हो जाये। चूंकि पुत्र भी आर्थिक रूप से कमजोर था, मेहनत, मजदूरी और मूंगफली बेचकर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। ऐसी परिस्थिति में अपनी मां के कूल्हे का ऑपरेशन कराना कठिन था। कूल्हे के ऑपरेशन में लगभग 70-80 हजार रूपये का खर्च आ रहा था। एक दिन जिला चिकित्सालय में श्रीमती फूलवती का बेटा अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक चांदिल से मिला। उन्होंने अपनी मां कूल्हे के बारे में विस्तार से बताया। तब डॉ. दीपक चांदिल ने बताया कि यह तो फेक्चर है, इसमें 60-70 हजार रूपये आने की संभावना है। श्रीमती फूलवती के बेटे ने अपनी असमर्थता बताई। डॉ. चांदिल ने केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत निरामय योजना के बारे में बताया। श्रीमती फूलवती के बेटे ने आयुष्मान कार्ड बनवाया। कुछ समय बाद आयुष्मान कार्ड लेकर श्रीमती फूलवती का बेटा डॉ. दीपक के पास पहुंचा तो उन्होंने एक्सरे, ईसीजी, खून की जांच करने के बाद जिला चिकित्सालय में ही कूल्हे का ऑपरेशन आसानी से कर दिया। जिसका सारा खर्च श्रीमती फूलवती के आयुष्मान कार्ड से किया गया। उस समय श्रीमती फूलवती ने बताया कि केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत निरामय योजना नहीं होती तो, हम जैसे गरीबों का ईलाज होना संभव नहीं था। हम केन्द्र सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित करते है।

हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में 29646 परीक्षार्थी हुये उपस्थित : 1044 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

मुरैना,कासं.। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल की परीक्षायें 5 फरवरी 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। सोमवार को हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा जिले के निर्धारित 74 परीक्षा केन्द्रों पर दर्ज 30 हजार 690 परीक्षार्थियों में से 29 हजार 646 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 1 हजार 44 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक ने बताया कि पोरसा में 2 हजार 996 परीक्षार्थियों में से 2 हजार 893 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 103 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। अम्बाह में 5 हजार 606 परीक्षार्थियों में से 5 हजार 345 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 261 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मुरैना में 11 हजार 421 परीक्षार्थियों में से 11 हजार 033 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 388 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जौरा में 3 हजार 887 परीक्षार्थियों में से 3 हजार 796 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 91 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहाडगढ़ में 528 परीक्षार्थियों में से 512 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कैलारस में 3 हजार 31 परीक्षार्थियों में से 2 हजार 972 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 59 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सबलगढ़ में 3 हजार 221 परीक्षार्थियों में 3 हजार 95 परीक्षार्थी उपस्थित हुये और 126 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

संक्षिप्त समाचार

आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

मुरैना। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक ने बताया है, कि 11 केव्ही लाइनों पर आरडीएसएस योजना अंतर्गत प्रोजेक्ट कार्य एवं रख-रखाव का कार्य किये जाने के लिये 06 फरवरी को दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी। उपमहाप्रबंधक ने बताया कि इस दिन 11 केव्ही ओल्ड अंबाह फीडरों से संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

जिले में 11.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

मुरैना। मुरैना जिले में 05 फरवरी, 2024 को 11.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख के अधीक्षक श्री सैयद मुज्जफर अली ने बताया कि जिले में सर्वाधिक 20 मिलीमीटर वर्षा पोरसा में दर्ज की गई है। अम्बाह में 15, मुरैना में 14, जौरा में 11, कैलारस में 5 और सबलगढ़ तहसील में सबसे कम 4 मिलीमीटर वर्षा होना बताई गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने आधार कार्ड बच्चो से न लेने की बात कही

मुरैना। हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षायें 5 फरवरी से 74 परीक्षा केन्द्रों पर प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिये जिला प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किये है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक ने बताया कि मुरैना जिले में सभी 74 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। शासकीय बालक हाईस्कूल क्रमांक 1 मुरैना परीक्षा केन्द्र पर कुछ परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड मांगने की बात कही। किन्तु जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक को यह बात मालूम पढ़ी, तो तत्काल शिक्षकों को निर्देश दिये कि परीक्षार्थियों से आधार कार्ड न मांगे।

जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के 09 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपी गिरफ्तार किये

मुरैना। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में 29 जनवरी से 4 फरवरी 2024 तक की अवधि में जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के कुल 09 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। जिनमें मुरैना वृत में 03 प्रकरण, अम्बाह में 01, सबलगढ़ में 01, जौरा में 04 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है। इन प्रकरणों में लगभग 7 हजार 580 रूपये की 20.52 बल्क लीटर देशी शराब जप्त की गई। जिला आवकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि इसी अवधि में जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं पर कुल 26 विभागीय प्रकरण ठेकेदारों के विरूद्ध दर्ज किये गये हैं। सी.एम.हेल्पलाईन पोर्टल पर 02 शिकायतें प्राप्त हुई एवं 05 शिकायत का जॉच प्रतिवेदन दर्ज किया गया तथा माह जनवरी 2024 द्वितीय पक्ष अन्त तक की देय निर्धारित संपूर्ण न्यूनतम प्रत्याभूति राशि 47786081 रूपये जमा नहीं कराये जाने से संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किये गये।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गोयल ने दस्तक अभियान का किया अवलोकन

मुरैना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशानुसार जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल ने दस्तक अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र कुरोंली के ग्राम टीकतगढी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएनएम श्रीमती कमलेश पिरौंजी ड्युटी के दौरान अनुपस्थित पाई गई। ग्राम में भ्रमण के दौरान 03 बच्चे टीकाकरण से बंचित मिले। जिला टीकाकरण अधिकारी ने एएनएम का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये।

पोरसा मुक्तिधाम का अधुभूत नजारा देखा छात्र व छात्राय

पोरसा। वर्ल्ड बुक में रिकॉर्ड में दर्ज करने बाले डॉ अनिल गुप्ता ने 1,ष राधाचरण पुरोहित जी मनीष शिवहारे और संतोष उपपाधाय की टीम वीएसडब्लू व द्वह्यङ्क की छात्राएँ जो म,प जन अभियान परिषद के तत्वावधान में पोरसा मुक्तिधाम में ज्ञान वैराग्य और भक्ति स्थल के संगम को नमन किया और झरना और फुवबारा चक्रधारी झूला ओम की आकृति और गांधी जी का चश्मा देखकर स्वास्थ भारत स्वच्छ भारत का संदेश मिला थे रचना को देख कर मन प्रसन्न हुआ बचियों से पूछा किसी तरह का भय तो नहीं लग रहा उन्होंने कहा हमने सुना था मुक्तिधाम बहुत सुंदर है आज देखकर ऐशा लगा मानो यह स्थल पर्यटक केंद्र बन गया है इस टोली में शिवाकर तोमर गौरव परमार अनुराग कुशवाह आकांक्षा जैन सिमरन तोमर सालनी आदि उपास्थित थे।

कृषि तकनीकी मेला एवं श्रीअन्न प्रदर्शनी का पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय मुरैना के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

मुरैना,कासं.। राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में किसानों को आधुनिक तकनीक और कृषि में नवाचारों से अवगत कराने के उद्देश्य से 3 फरवरी से 6 फरवरी तक चार दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं अंतर्राष्ट्रीय कृषि तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मेले एवं प्रदर्शनी में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मुरैना के विद्यार्थियों ने 3 फरवरी को शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कृषि के नए तकनीक से अवगत कराना, मोटे अनाज के परिचित कराने के साथ ही परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त कराना भी रहा है। इस किसान मेले में प्रदेश एवं देश के कोने-कोने से आए कृषकों तथा कृषि प्रदर्शनी में देश के कृषि विश्वविद्यालय, कृषि, पशुपालक उद्यमियों तथा संबंधित विभाग के अनाज उत्पाद विक्रेताओं, कंपनियों, स्व-सहायता समूहों एवं अन्य ने कृषि एवं अनाज उत्पादन के जटिल विवरणों को समझाते हुए मेले के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनके द्वारा पूछे गए विविध प्रश्नों का उत्तर देकर उनके शंकाओं का भी समाधान किया।

छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत करके कृषि तकनीक और कृषि से जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानने में भी सक्षम हुए।

विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश कुमार ने बताया कि यह भ्रमण हमारे विद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए एक समृद्ध अनुभव है। इससे वे कृषि तकनीकी, प्रकार आदि से तो परिचित होंगे ही साथ में भ्रमण से परीक्षा के तनाव से भी मुक्त होंगे। भ्रमण में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश कुमार और सभी शिक्षक भी सम्मिलित थे।

पुलिस पेंशनर्स संघ जिला मुरैना द्वारा मुख्यमंत्री म.प्र.शासन के नाम सौंपा गया ज्ञापन

मुरैना,कासं.। म.प्र.पुलिस पेंशनर्स संघ के संस्थापक एवं प्रान्तीय अध्यक्ष श्री एम.पी.एस.परिहार के आह्वान, अनुदेश पर जिला मुरैना कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं प्रान्तीय महामंत्री श्री धर्म सिंह सेंगर ने संगठन के 08 पदाधिकारियों व सदस्यों सहित न्यू कलेक्ट्रेट भवन ए.बी.रोड मुरैना पहुँचकर कलेक्टर मुरैना के माध्यम से मुख्यमंत्री म.प्र.शासन के नाम समस्त पेंशनर्स की समष्टिगत विभिन्न ज्वलन्त समस्याओं एवं केन्द्र सरकार द्वारा आदेशित 04त्न मेंहगाई राहत राशि काफी विलम्ब होने के बावजूद अभी तक भुगतान नहीं होने की स्थिति पर ध्यानाकर्षण करते हुए यथाशीघ्र राहत राशि भुगतान हेतु लिखित ज्ञापन सौंपा है । उपरोक्त ज्ञापन में पेंशनर्स को डीए, डीआर भुगतान में बाधक मध्यप्रदेश- छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने, केन्द्र सरकार द्वारा आदेशित बकाया 04त्न मेंहगाई राहत राशि शीघ्र भुगतान कराने, पेंशनर्स की उपचार सुविधा हेतु आयुष्मान कार्ड अथवा स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कराने, गत वर्ष माह जनवरी/2023 के वजाय जुलाई/2023 पश्चात् 07 माह विलम्ब से मेंहगाई राहत राशि भुगतान की स्थिति में उक्त विलम्ब अवधि 07 माह का ऐरियर भुगतान कराने एवं शासकीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से अब 65 वर्ष किए जाने विषयक प्रस्ताव के संदर्भ में तर्कसंगत विरोध एवं असहमति उल्लेखित की गई है । तत्सम्बन्ध में संकेतमात्र उल्लेख किया गया है, कि सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि युवा पीढ़ी के लिए घातक, हानिकारक एवं भविष्य अंधकारमय बनाने का हेतु बनेगी । फलस्वरूप बेरोज़गारी से जूझती युवा पीढ़ी में गम्भीर असंतोष, आक्रोश उत्पन्न होगा, इसलिए युवाओं के हितबद्ध सहिष्णुता, सद्भाव, सौहार्द्र और आत्मीयता रखना चाहिए, सेवानिवृत्ति आयु सीमा में वृद्धि की जाना कदापि उचित नहीं है । वर्तमान युवा पीढ़ी विशेषतः शिक्षित बेरोजगारों के हितबद्ध मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ की यह सकारात्मक, विधेयक एवं अत्यन्त महनीय विचारधारा है । कलेक्टर मुरैना आवश्यक मीटिंग में व्यस्त होने से उपरोक्त ज्ञापन एडीएम मुरैना श्री सी.बी.प्रसाद ने स्वयं प्राप्त किया, ज्ञापन सौंपने में पुलिस पेंशनर्स संघ जिला मुरैना के अध्यक्ष एवं प्रान्तीय महामंत्री श्री धर्म सिंह सेंगर के साथ में सह-उपाध्यक्ष श्री के.पी.शर्मा, (सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक), विधिक परामर्शदाता, प्रान्तीय सलाहकार श्री आर.एस.राजौरिया (सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक %अ%) संयोजक एवं प्रान्तीय सलाहकार श्री हलीम खां पठान (सेवानिवृत्त निरीक्षक) संघ-सदस्य श्री राजवीर शर्मा (सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक) श्री राधाचरण पाराशर (सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक) श्री परिमाल डण्डौतिया (सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक) श्री विजेन्द्र सिंह तोमर (सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक) उपस्थित रहे । ज्ञापन सौंपने के पश्चात् अध्यक्ष एवं प्रान्तीय महामंत्री श्री धर्म सिंह सेंगर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में समुपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार, कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सदैव संन्निष्ठ, समर्पित सेवाभाव सहित तत्परता पूर्वक सहभागी रहने हेतु प्रेरक आत्मभाव प्रकट किया गया ।

खुशरूबाग में मशरूम, सब्जी एवं बागवानी की दी जायेगी तकनीकी जानकारी

विशेष संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि दिनांक 11 से 13 फरवरी तक मशरूम उत्पादन की तकनीक एवं 14 से 16 फरवरी 2024 तक सब्जियों की संरक्षित खेती पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग प्रयागराज में किया गया है, जनपद के इच्छुक कृषक मशरूम उत्पादन के 02 सामान्य तथा 03 अनुसूचित जाति एवं सब्जियों की संरक्षित खेती के 02 सामान्य एवं 03 अनुसूचित जाति के कृषकों को जनपद से प्रतिभाग करना है।

इसी प्रकार उन्होने बताया है कि दिनांक 06 से 10 फरवरी 2024 तक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग प्रयागराज में बागवानी फसलों के फलोत्पादन की तकनीक एवं प्रसंस्करण की विधियों पर एक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जनपद के इच्छुक बागवानी फसलों के 04 सामान्य कृषक तथा 04 अनुसूचित जाति के कृषकों को जनपद से प्रतिभाग करना है। तद्क्रम में जनपद के इच्छुक कृषक दिनांक 05 फरवरी (दिन सोमवार) तक प्रत्येक दशा में अपना नाम, पिता/पति का नाम, मोबाइल नम्बर तथा पता सहित कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ को उपलब्ध करा दें।

बोर्ड परीक्षाओं में अनुचित साधन का प्रयोग न होः कलेक्टर

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

मुरैना। (न.सं.)

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल की परीक्षायें 5 फरवरी, सोमवार से प्रारंभ हो चुकी है। मुरैना जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिये 74 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा प्रारंभ होते ही कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना व पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने सोमवार को बानमौर क्षेत्र के दो परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान केन्द्राध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिये कि बोर्ड परीक्षाओं में अनुचित साधन का प्रयोग नहीं होना चाहिये, बोर्ड परीक्षा में सामूहिक नकल, अनुचित साधन का प्रयोग होने की जानकारी प्राप्त होगी तो संबंधित केन्द्राध्यक्ष को बक्खा नहीं जायेगा। उन्होंने भ्रमण के समय केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षायें माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशों पर ही सम्पन्न होगी। बोर्ड परीक्षा के कार्य में कहीं भी कोताई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने हायर सेकेण्ड्री स्कूल बानमौर और शासकीय माध्यमिक विद्यालय नूरावाद पहुंचकर परीक्षा केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने कई परीक्षा केन्द्रों पर पेपर खुलने से पहले ही वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। भ्रमण के समय जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक मौजूद थे। इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं में कलेक्टर द्वारा गठित किये गये उड़नदस्ते भी परीक्षा केन्द्रों पर देखे गये।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रांत कार्यकर्ता वर्ग 8 फरवरी से

मुरैना। (न.सं.)

10 फरवरी तक टोल टैक्स बैरियर के पीछे स्थित अयोध्या धाम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यकर्ता वर्ग में मध्य भारत तंत्र के 2000 कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे । कार्यक्रम को लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारी की जा रही है । यहां स्वयंसेवकों के ठहरने के लिए रावटी लगाई गई है। अयोध्या धाम को आठ नगरों में बांटा गया हे । मध्य भारत प्रांत में आठ विभाग हैं । प्रत्येक विभाग का एक नगर बसाया जा रहा है । कार्यकर्ता वर्ग को लेकर मुरैना विभाग के स्वयं सेवको में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मुरैना विभाग के करीब 200 स्वयंसेवक पिछले एक माह से कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे हुए हैं। अयोध्या धाम को सजाने संवारने का कार्य तेज गति से चल रहा है।

रविवार की रात हुई बरसात की वजह से अयोध्या धाम में कीचड़ हो गई थी। जिस वजह से सोमवार की सुबह से ही करीब दो सौ स्वयं सेवकों ने परिसर में श्रमदान किया। इस दौरान जीरो गिट्टी की सड़क परिसर में चारो ओर डाली गई।

सुशासन और जनकल्याण है प्रदेश शासन की प्राथमिकताएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। (न.सं.)

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सुशासन की आदर्श अवधारणा को पूर्ण रूप से मध्य प्रदेश में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय भारत सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करती रहेगी और सुशासन के पथ पर चलते हुए प्रदेश की 8.5 करोड़ जनता की बेहतरी के लिए हमेशा काम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये विचार आज नई दिल्ली के आईटीसी मौर्य में आयोजित एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रशासनिक गुणवत्ता सुधारने की दृष्टि से हाल ही में प्रदेश के मंत्रिमंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे शासन की कार्यप्रणाली में जवाबदेहिता और पारदर्शिता बढ़ेगी। सुशासन व्यवस्था में कानून का सही तरह से पालन करवाना भी सरकार की जिम्मेदारी है। इसी अनुक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिपालन में प्रदेश में लाउडस्पीकर के उपयोग को नियंत्रित किया गया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा कानून के अनुसार खुले में खाद्य पदार्थ विक्रय की मनाहीं है। इसी कानून के पालन में प्रदेश में खुले में मांस, मछली इत्यादि का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के संबंध में मिलने वाले सभी निर्देशों का राज्य सरकार अक्षरशः पालन करेगी। राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बताई गई चार जातियों- गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के विकास और कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है।

प्रदेश में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश नई शिक्षा व्यवस्था को लागू करने, सकल पंजीयन दर बढ़ाने और खनिज क्षेत्र में देश में अव्वल रहा है। राज्य सरकार रोजगार, शिक्षा, खनिज, वनांचल जैसे क्षेत्रों में जनता की बेहतरी के लिए आगामी वर्षों में भी प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेगी।

उपमुख्यमंत्री शुक्ला आज मुरैना आएंगे

मुरैना। (न.सं.)

मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एकदिवसीय प्रवास पर आज दिनांक 6 फरवरी 2024 मंगलवार को मुरैना आएंगे।

कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया ने बताया कि श्री शुक्ला तय कार्यक्रम अनुसार दोपहर 2:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय मुरैना पर पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

मुरैना में बदमाशों के हौसले बुलंद, बंदूक की नोक पर सराफा व्यापारी से छह लाख की लूट, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है

मुरैना। (न.सं.)

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रहे है जहाँ अज्ञात बदमाशों ने बंदूक की नोक पर ज्वेलर्स की दुकान पर 6 लाख रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकानदार ने तुरंत ही इस घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

क्या है पूरा मामला

बता दें कि यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है जहाँ

बिहारी जी मंदिर के पास अतुल ज्वेलर्स की दुकान पर अज्ञात बदमाशों ने कट्टे की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। जब दुकानदार ग्राहकों को सामान दिखा रहा था तभी अचानक दो से तीन लोग मुँह को कवर करके हाथ में हथियार लेकर दुकान में घुस आए। एक कट्टा दिखाते हुए दूसरा बदमाश सामान को बैग में रख रहा था यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तुरंत ही मौके से लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। गौरतलब है कि चंबल अंचल में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कोई भी वारदात को अंजाम देने से नही चूक रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण मुरैना जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र का हैं। जहां बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर सराफा व्यापारी से 4 किलो सोना लूटा था। पुलिस इस मामले की भी जाँच में जुटी हुई है।

महाशिवरात्रि पर 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा निखिल धाम गैपरा जौरा मेंः स्वामी पंचमानंद जी महाराज

मुरैना। (न.सं.)

बरखंडी सरकार निखिल धाम गैपरा के पीठाधीश्वर संत शिरोमणि कथाव्यास महामण्डलेश्वर अनन्त श्री विभूषित सदगुरुदेव स्वामी पंचमानन्द जी महाराज ने मुरैना के एक संक्षिप्त प्रेसवार्ता में बताया कि श्रीराम मन्दिर अयोध्या की तर्ज पर वंशी पहाड भरतपुर के गुलाबी पत्थर से गुजरात, जयपुर, मद्रास के नक्कासी कारीगरो द्वारा निखिल धाम गैपरा में भव्य एतिहासिक पाँच देवी-देवताओं के मंदिर बनकर तैयार हो गये है जिनमें श्री वनखण्डी सरकार, माँ महाकाली व रत्न निखिलेश्वर महादेव स्फटिक मणि शिवलिंग पूर्व से ही प्राण प्रतिष्ठित है। महाशिवरात्रि के पावन पर पर पाँच दिवसीय प्राणि प्रतिष्ठा में माँ भुवनेश्वरी देवी, श्री रामदरबार एवं



स्फटिक श्री यंत्र मंदिर के मण्डप छत्रप नक्कासी युक्त

स्फटिक मणि श्री यंत्र व अष्ट धातु श्री यंत्र की प्राण प्रतिष्ठा दिनांक 04 मार्च 2024 से 08 मार्च 2024 तक वैदिक शास्त्रीय विधि द्वारा की जायेगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में तीर्थराज प्रयागराज, हरिद्वार, काशी, बनारस एवं वृंदावन धाम के विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा।

गैपरा धाम के दिव्य दर्शन से होगी हर मनोकामना पूर्ण।

संस्था सचिव प्रदीप यादव ने बताया कि नवीन स्थापना मण्डप में स्फटिक मणि श्री यंत्र लगभग 51 कि.ग्रा. प्रतिदिन अभिषेक हेतु, अष्टधातु श्रीयंत्र 21 कि.ग्रा. एवं माँ भुवनेश्वरी की भव्य आशीर्वाद मुद्रा में प्रतिमा स्थापित की जाएगी पूज्य गुरुदेव ने उक्त कार्यक्रम में सभी महानुभावों से प्रथम दर्शन कर पुण्य लाभ लें एवं साक्षी बनें ऐसी शुभकामना की है जो भक्त-जन मन्दिर निर्माण हेतु दान राशि सीधे बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा जौरा A/C - 31892519213 IFSC-SBIN0030092 सर्व शक्ति साधना मण्डल में दान कर सकते है अक्षय पुण्य के हकदार होगें। स्फटिक मणि हिमालय में काँच नुमा साफ पानी के जमने से बनता है इसलिये साक्षात शिवजी का वास होता है। स्फटिक मणि शिवलिंग, स्फटिक श्रीयंत्र एवं वनखण्डी सरकार के सोमवार, शुक्रवार, शनिवार को दर्शन करने से असाध्य रोगों का निवारण, सर्व संकट व सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण होती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय कलाकारों को ग्रैमी- 2024 अवार्ड प्राप्त करने पर दी बधाई

भोपाल। (न.सं.)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व के प्रतिष्ठित संगीत पुरस्कार ग्रैमी -2024 से सम्मानित होने पर प्रसिद्ध गायक श्री शंकर महादेवन, तबला वादक श्री जाकिर हुसैन, बांसुरी वादक श्री राकेश चौरसिया, संगीत निर्देशक श्री सेल्वागणेश और वायलिन वादक श्री गणेश राजगोपालन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संगीत को विश्व में यह सम्मान दिलाकर देश के महान कलाकारों ने 140 करोड़ भारतीयों का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व भर में भारतीय संगीत का स्वर गूँज रहा है। देश के कलाकारों ने विश्व के संगीत प्रेमियों के मन में अमिट छाप छोड़ी है।

जन चौपाल में लैपटॉप की मांग लेकर पहुंचे दृष्टिबाधित प्रकाश साहू

कलेक्टर डॉ सिंह ने दिया जल्द लैपटॉप दिलाने का आश्वासन

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की जनचौपाल में अब सिर्फ मांग और शिकायतों के आवेदन ही नहीं, बल्कि धन्यवाद सन्देश भी आने लगे हैं। आज सोमवार को आयोजित जन चौपाल में प्रोफेसर कॉलोनी निवासी श्री प्रदीप मिश्रा एवं कुशालपुर निवासी श्री जीतू ने अपनी शिकायतों का त्वरित निराकरण होने पर कलेक्टर डॉ सिंह को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही छात्र श्री प्रकाश साहू ने पढाई के लिए अच्छे रैम के लैपटॉप के लिए आवेदन दिया।

कचना निवासी श्री प्रकाश साहू दृष्टिबाधित हैं और बी.ए. पाठ्यक्रम के छात्र हैं। उन्होंने जनचौपाल में कलेक्टर को बताया कि उनके कोर्स के लिए ज्यादा स्टोरेज और तेज प्रोसेसिंग वाले उपकरण

की आवश्यकता है और मोबाइल पर पढाई करने में उन्हें असुविधा होती है। उन्होंने कलेक्टर से ज्यादा रैम वाले लैपटॉप की मांग की जिससे वो पढाई में बेहतर प्रदर्शन कर अपना भविष्य बना सकें। कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक उनकी मांग को सुना और सम्बंधित विभाग के अधिकारी को यथासंभव निराकरण करने के निर्देश दिए।

विगत जनचौपाल में श्री प्रदीप मिश्रा अपने निवास के सामने की सड़क पर स्थित चैम्बर में ढक्कन नहीं होने की समस्या लेकर आये थे। ढक्कन नहीं होने के कारण सड़क पर चलते हुए एवं वाहन चलाते हुए दुर्घटना होने का खतरा जनचौपाल में आवेदन देने के 4 दिन के भीतर ही चैम्बर में ढक्कन लग गया।

लोस चुनाव में प्रत्येक बूथ पर भाजपा को जिताने जुट जाएंः जामवाल

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संसदीय क्षेत्र की बैठक संपन्न

मुरैना। (न.सं.)

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की कामकाजी बैठक का आयोजन सोमवार की सुबह 11 बजे होटल शिवाय में आयोजित हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल उपस्थित थे। मप्र के पूर्व गृहमंत्री एवं मुरैना-श्योपुर क्षेत्र के क्लस्टर प्रभारी भूपेन्द्र सिंह, ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी विजय दुबे, जिला प्रभारी जयसिंह कुशवाह,

सरकार की योजनाओं से जन-जन को अवगत कराएंः भूपेन्द्र सिंह

लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया, लोस संयोजक अनूप सिंह, सह संयोजक हमीर सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान, श्योपुर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता ने की।

सर्वप्रथम भाजपा के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बैठक में कार्ययोजना तैयार की गई।

मुख्य अतिथि श्री जामवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को प्रत्येक बूथ पर विजय दिलाने के लिए कार्यकर्ता प्राणपण से जुट जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र की डबल इंजन भाजपा सरकारें जनकल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला रहीं है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन को सरकार की योजनाएं बताएं और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का काम करें।

विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा में पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाना है। कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती के साथ संगठन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का काम करें। भाजपा की विचारधारा सेवा और समर्पण की रही है। जनसंपर्क अभियान के माध्यम से सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें।

संभागीय प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि लोस चुनाव नजदीक है। अब हमें अपने बूथ, शक्ति केन्द्र पर वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर चुनाव प्रबंधन कार्य में जुट जाना है। एक ही नारा, अब की बार फिर मोदी सरकार, ऐसा भाव लेकर कार्यकर्ता अपने बूथ को सशक्त बनाने के लिए प्रयास करे।

बैठक में विधानसभा में हार-जीते प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, लोकसभा विस्तारक सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएँ

भोपाल। (न.सं.)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर कहा है कि सभी विद्यार्थी तनाव रहित होकर एकाग्रता एवं आनन्द के साथ परीक्षा में भाग लें। विद्यार्थी परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करें। निश्चय ही आपके परिश्रम का सुखद फल मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा,
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954